CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 31 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## भारत के पिनाका रॉकेट की पहली फ्लाइट टेस्टिंग सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (एलआरजीआर-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की।

इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की। यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास



- 120 किमी रेंज, टारगेट पर सटीक अटैक किया
- भारतीय सेना में शामिल करने की भी मंजूरी मिली

संगठन (डीआरडीओ) ने किया। खास बात यह रही कि 120 किलोमीटर रेंज वाले इस रॉकेट का पहला टेस्ट उसी दिन हुआ, जब रक्षा मंत्रालय के रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इसे भारतीय सेना में शामिल करने की मंजूरी दी। डीएसी की बैठक सोमवार दोपहर में हुई थी। इसमें 79 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मिसाइलें, रॉकेट, रडार सिस्टम शामिल हैं। पिनाका सिस्टम के लिए लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट खरीदे जाएंगे। सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (एमके-2) भी लिया जाएगा। सलआरजीआर को आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी के साथ मिलकर डिजाइन किया है। इसे बनाने में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत ने भी मदद की है। इस फ्लाइट टेस्टिंग का संचालन इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने किया। रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया, जिससे यह साबित हुआ कि एक ही लॉन्चर से विभिन्न रेंज के पिनाका रॉकेट्स दागे जा सकते हैं।

## केमू में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 12 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीनार-विनायक मोटरमार्ग में सिरखोन बैंड के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में सात यात्रियों की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर जा रही केमू बस संख्या यूके 07 पीए 4025 सिरखोन बैण्ड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस में चालक व परिचालक सहित कुल

- भिकियासैंण के सिरखोन बैंड के पास हुआ हादसा

19 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस बल और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा त्वरित रूप से रेस्क्यू शुरू किया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।

### मृतकों का विवरण

1- पार्वती देवी (75) पत्नी गोविन्द मठपाल, निवासी ग्राम जमोली। 2- नंदन सिंह (70) पुत्र गोपाल सिंह, निवासी ग्राम जमोली। 3- गोविंद बल्लभ मठपाल (80) पुत्र कुलोमणी निवासी ग्राम जमोली। 4- तारा देवी (50) पत्नी महेश चन्द्र निवासी ग्राम पाली द्वाराहाट। 5- गणेश (20) पुत्र भीमबहादुर निवासी नेपाल। 6- उमेश (18) पुत्र ऐतराउल निवासी नेपाल। 7- गोविंदी देवी (55) पत्नी हरीश सिंह निवासी ग्राम घुघुती द्वाराहाट।

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की थी। एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को आईटी एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी के अनुसार अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स- दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं।

### अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस का दावा

## 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के** बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है।

सीएफआर की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम के बावजूद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।



**कहा: कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना, दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई**

**अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है: सीएफआर**

### भारत और पाकिस्तान में अब तक पांच बार हो चुकी है जंग

**वाशिंगटन।** काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। इसकी स्थापना साल 1921 में हुई थी। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। सीएफआर में पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट्स और सुझावों का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक दुनियाभर के संकटों, युद्धों और भू-राजनीतिक हालात का आकलन कर भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी देता है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने 2026 में होने वाले युद्धों की आशंका को लेकर रिपोर्ट जारी की है। भारत और पाकिस्तान में अब तक 5 बार जंग हुई है। सभी में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के नाम पर डिजिटल अरेस्ट, बुजुर्ग महिला से 3.71 करोड़ ठगे

**मुंबई/सूरत।** मुंबई में 68 साल की एक महिला से 3.71 करोड़ रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का कर्मचारी बताया था। इन लोगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ बताया था। इस मामले में साइबर पुलिस ने एक आरोपी को सूरत से पकड़ा है। आरोपी के खाते में 1.71 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। उसने यह अकाउंट फर्जी कपड़ा कंपनी के नाम पर खुलवाया था। इसके बदले उसे 6.40 लाख रुपये कमीशन मिला। महिला मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहती है। महिला पर धोखेबाज लगातार नजर रख रहे थे। 18 अगस्त को महिला को एक कॉल आया।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वे 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं।



खालिदा कई साल से सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। वे 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बंगलादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

- प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं। बांग्लादेश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।































## संक्षिप्त समाचार

### नफरती राजनीति के पोषण ने ली एंजेल चकमा की जान : चिब

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहराद.ून में पीटपीट कर हत्या को आरएसएस भाजपा की नफरती राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। चिब ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा-संघ नफरत का जहर घोल रहे हैं जिससे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है और ऊपर से इंसाफ को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एंजेल के पिता देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवान हैं लेकिन जिस देश की सीमाओं की वह चौकसी कर रहे हैं उसी देश में उनके 24 साल के बेटे को उत्तराखंड में 'चीनी' कहकर अपमानित कर उसकी हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि यह कोई अचानक हुआ अपराध नहीं है बल्कि उस नफरती राजनीति का परिणाम है जिसे सालों से बोया गया, हर दिन दोहराया गया, और भाजपा के दौर में समाज का हिस्सा बना दिया गया।

### ब्राह्मण एमएलए की बैठक पर भाजपा विधायक ने दी सफाई


**लखनऊ।** कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उठे विवाद पर अब स्वयं विधायक की प्रतिक्रिया सामने आई है। विधायक पंचानंद पाठक ने 'एक्स' पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि ब्राह्मण समाज को जोड़ने का कार्य करता है, न कि विभाजन का। उन्होंने लिखा, ष्जय श्री राम, जय सनातन, जय भाजपा। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विच.ारक और संतुलनकर्ता माना गया है। जहां ब्राह्मण एकत्र होता है, वहां ज्ञान, विवेक और चिंतन का मंथन होता है, जो हिंदू अस्मिता को सशक्त बनाता है।

# नए साल से पहले बारिश बढ़ाएगी ठिठुरन, यूपी के 37 शहर ठंड की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में आए उत्तर प्रदेश में नए साल से बारिश के आसार जताए गए हैं जिससे ठंड और अधिक बढ़ने की आशंका है।

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर समेत प्रदेश के 37 शहर घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं। मंगलवार को कई इलाकों में दृश्यता का स्तर घटकर मात्र 20 मीटर तक रह गया, जिससे सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कोहरे के चलते रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली 100 से अधिक ट्रेनें 2 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं 10 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। बाराबंकी और फतेहपुर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया है



■ मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया, हाथरस में दो सड़क हादसों में सात लोग घायल

और लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार भी अलर्ट मोड पर है। प्रदेश भर में स्कूल और कॉलेज 1 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

सोमवार को प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हाथरस में कोहरे के कारण दो गंभीर सड़क हादसे हुए, जिनमें सात लोग घायल हो गए।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में ठंड, एक जनवरी को बारिश की संभावना

लखनऊ स्थित मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक दिन और रात दोनों समय ठंड बढ़ेगी, जबकि 1 जनवरी के आसपास बारिश की संभावना है। भीषण ठंड और घने कोहरे से किसानों की चिता भी बढ़ गई है। आलू और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और कीट व रोग नियंत्रण के लिए जिक और क्लोरपायरीफॉस के छिड़काव की सलाह दी है।

# 2024 में डाले गए वोट किसके थे: चंद्रशेखर आजाद

हरदोई। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में 2 करोड़ 89 लाख वोट काटे गए है, तो फिर 2024 के चुनाव में जो वोट पड़े थे, ये वोट किसके थे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद हरदोई में महाराजा बिजली पासी की जयंती के अवसर पर बहुजन संकल्प महारैली में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई, अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बता रहे हैं, तो बाकी वोट



■ यूपी में कटे 2. 89 करोड़ मतदाताओं के नाम

किसके थे? उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार रहेगा, तो ही सत्ता के बड़े लोग आम जनता के दरवाजे पर आएंगे। चंद्रशेखर ने महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि देश में अपराध और रेप के मामलों में सबसे अधिक पीड़ित यही वर्ग हैं।

# यूपीएसआईआर का ड्राफ्ट रोल छह जनवरी को होगा प्रकाशित

लखनऊ, वार्ता

■ उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने नई तारीखों की घोषणा की

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होना था। हालांकि अब इसकी नई तारीख बताई गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है।

आयोग ने लिखा कि संशो.धित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिए फार्म संख्या छह जमा करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिक.ारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार मतदाताओं में से जो मसौदा सूची में शामिल हुए हैं, उनमें से एक करोड़ से अधिक 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। ताकि वे निर्धारित 12 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक को जमा करें, ताकि उन्हें 'मैप्ड' श्रेणी में शामिल किया जा सके।

## 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा

# यूपी को एआई का वैश्विक केंद्र बनाने की तैयारी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में कहा है कि वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ९(एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और उत्तर प्रदेश भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे 'ब्रांड यूपी' को देश और दुनिया में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की



■ जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा

तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित डेटा और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

योगी ने कहा है कि प्रदेश में पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक संचालन शुरू हो चुका है और इस सेक्टर में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'एआई युवा' पहल के तहत प्रदेश के 10 लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वर्ष 2026 के लिए संकल्प लें और अपने आसपास के बच्चों को कंप्यूटर व एआई के प्रति जागरूक करें। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक घंटा 'ज्ञानदान' के लिए निकालें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

### लखनऊ में भेड़ों की मौत पर दिए जांच के आदेश, प्रति भेड़ 10 हजार की मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में भेड़ों की मौत के मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को राहत देते हुए प्रति भेड़ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। भेड़ पालन पर निर्भर परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मृत भेड़ों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर बीमारी या जहरीले पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालकों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकार की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



सेंसेक्स 84675.08
निफ्टी 25938.85



सोना रु. 134599
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 232329
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट दर्ज

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले मिश्रित संक.ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। वृहद बाजार पर दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप.50



सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। एनएसई में जिन 3,244 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,723 के शेयरों में तेजी और 1,409 में गिरावट रही। अन्य 112 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 2.10 फीसदी की गिरावट रही। इंडिगो का शेयर 1.37 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.28 और एशियन पेंट्स का 1.09 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 2.03 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.66 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 फीसदी की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट सपाट बंद हुआ।

# चांदी की कीमत गिरी, सोना भी 1.35 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,182 रुपए गिरकर 1,34,599 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,781 रुपए/10 ग्राम पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,111 रुपए गिर गई है। आज ये 2,32,329 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 1,36,350 रुपये रही, जबकि मुंबई में 1,36,200, कोलकाता में 1,36,200, चेन्नई में 1,37,460, जयपुर में 1,36,350, भोपाल में 1,36,250, पटना में 1,36,250 और लखनऊ में 1,36,350 रुपये रही। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे।

रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। चांदी की बात की जाए ,तो सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल होने से चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं। प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिये अंतिम तिमाही में जुटाएगी 3,84,000 करोड़

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही द्धजनवरी-मार्च 2026ऋ के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है।

ट्रेजरी बिल वह माध्यम है जिससे सरकार अल्पावधि ऋण जुटाती है। ए अंकित मूल्य से कम पर बेचे जाते हैं और मियाद पूरी होने पर टी-बिल खरीदने वाले को अंकित मूल्य के बराबर पैसा मिलता है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि ए ट्रेजरी बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किए जाएंगे। पहली नीलामी 07 जनवरी 2026 को और उसके बाद



25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले छह सप्ताह कुल 34-34 हजार करोड़ रुपये के और 25 मार्च को 35 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले कार्य-दिवस पर टी-बिल जारी किए जाएंगे। रिजर्व बैंक इस कैलेंडर और टी-बिल की प्रस्तावित नीलामी की राशि में भविष्य में बदलाव भी कर सकता है जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी।

### अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर भी संज्ञान ले कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने अरावली मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के अपने ही फैसले पर रोक लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। रमेश ने कहा कि पिछले फैसले पर चिंता जताई थी और चेतावनी दी थी कि वन क्षेत्र की परिभाषा में ढील देने से खनन और निर्माण कार्यों के लिए बड़े रास्ते खुल सकते हैं। रमेश ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े तीन अन्य 'जरूरी मुद्दे' हैं। इन पर भी उच्चतम न्यायालय को तत्काल स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) प्रक्रिया साफ सुथरी तथा पारदर्शी नहीं है और इस काम में जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है इसलिए आयोग को हर दिन नियम बदलने के बजाए लोगों को हो रही समस्या का जमीनी स्तर पर स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

पार्टी ने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण करोड़ों लोगों को पीड़ा में डालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। जिन लोगों के नाम 2003 की मतदता सूची में नहीं हैं उनको आयोग की तरफ से नोटिस आएंगे और बेवजह उनको तंग किया जाएगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा तकलीफ होगी जो मतदाता सूची में शामिल होने के हकदार हैं लेकिन अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। बीएलओ रिश्तों के हिसाब से सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को परिभाषित कर रहे हैं। हर दिन नियम बदले जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया में जल्दबाजी कर पूरे देश को संदेह में डाल दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और पूरी प्रक्रिया संदेह से घिरी हुई है। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर बहुत व्यापक और लंबी प्रक्रिया है लेकिन चुनाव आयोग ने इसमें बहुत जल्दबाजी कर इसे बेहद जटिल और पीड़ादायक बना दिया है। इसमें दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और सारी प्रक्रिया को एक डेढ़ महीने में पूरा करने की सीमा बांध दी है। किसी भी मतदाता को सूची में शामिल होने के लिए तीन बातें जरूरी होनी चाहिए जिसमें पहली है कि वह देश का नागरिक हो, उसने 18 साल की उम्र पार कर दी हो और वह उस पते पर रहता हो जहां का पता दिया गया है, ये तीन बातें इसके लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवासी होने की बात स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। इन मामलों में बीएलओ को जानकारी लेनी होती है कि अमुक व्यक्ति रजिस्टर्ड पते पर रहता है या नहीं। जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में है उनको कुछ प्रमाण देने की जरूरत नहीं है लेकिन नाम नहीं है तो बहुत दिक्कत हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी जो एसआईआर हुआ है, उसका तरीका किसी को समझ ही नहीं आ रहा है। इस फॉर्म को लोगों को भरना है और इसे जमा करना है। इस काम को एक महीने में पूरा करना होगा।

# कांग्रेस ने बाकर हुसैन समेत 11 सीटों पर उतारे पर्यवेक्षक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने स्नातक और शिक्षक विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं।

अजय राय ने 29 दिसंबर, सोमवार को 11 सीटों के लिए सांसदों और पूर्व सांसदों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें अजय राय पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि कांग्रेस यह चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ नहीं लड़ेगी। पर्यवेक्षकों की तैनाती के संदर्भ में एक पत्र में अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद क्षेत्रों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संस्तुति के उपरान्त संलग्न सूची के कांग्रेसजनों को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपरोक्त कांग्रेसजनों से अपेक्षा है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने किसे बनाया पर्यवेक्षक?

इलाहाबाद (स्नातक) उज्जवल रमण सिंह (सांसद) एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी (पूर्व मंत्री), बरेली-मुरादाबाद (शिक्षक) कुंवर दानिश अली (पूर्व सांसद) एवं फूल कुंवर (पूर्व विधायक), लखनऊ (स्नातक/शिक्षक) किशोरी लाल शर्मा (सांसद) एवं पी.एल. पुनिया (पूर्व सांसद), मेरठ से इमरान मसूद (सांसद) एवं हरेन्द्र अग्रवाल (पूर्व एमएलसी), गोरखपुर-फैजाबाद (शिक्षक): तनुज पुनिया (सांसद) एवं अखिलेश प्रताप सिंह (पूर्व विधायक), वाराणसी से भगवती प्रसाद चौधरी (पूर्व विधायक) एवं पशुपति नाथ राय (पूर्व विधायक), मेरठ-सहारनपुर (शिक्षक कोऑर्डिनेटर) बाकिर हुसैन उर्फ बाकर हुसैन, आगरा से राकेश राठौर (सांसद) एवं विवेक बंसल (पूर्व एमएलसी)।



■ इमरान मसूद, दानिश अली, किशोरी लाल को मिली अहम जिम्मेदारी

■ एमएलसी सीटों के निर्वाचन में स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे

### कई माफिया जेल गए, तो कई हुए ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले आम धारणा थी कि सत्ता के संरक्षण में अपराधी और माफिया तत्वों के आतंक को मिटाना नामुमकिन है, मगर योगी आदित्यनाथ सरकार नेस्पष्ट संद.ेश दिया कि अपराधी या तो जेल जाएगा या प्रदेश छोड़ेगा। प्रदेश में एक समय ऐसा था जब संगठित अपराध, भू-माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया और बाहुबली राजनीति व्यवस्था पर हावी माने जाते थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा उपलब्ध रिपोर्ट (2023 जो 2025 में प्रकाशित हुई) के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश की अपराध दर 335-3 प्रति लाख जनसंख्या रही, जबकि देश का राष्ट्रीय औसत 448-3 दर्ज किया गया। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से लगभग 25 प्रतिशत कम है।

# शुक्रताल श्मशान में एक साथ जली तीन चिताएं, माँ व दो बेटों का हुआ अंतिम संस्कार

**पीएम हाउस पर जमे रहे गमजदा परिवार व रिश्तेदार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वसुंधरा रेजीडेंसी में सिलिंडर फटने से हुए हादसों में मृतक दोनों भाइयों अमित गौड़ व नितिन को और उनकी मां सुशीला देवी को सर्दी में अंगीठी जलाकर हाथ तापने की आदत थी। और जरा सी यह आदत ही उनके लिए काल का ग्रास बन गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों की भीड इकट्ठा रही और मृतक की पत्नी और बच्चे भी गमजदा हालत में बैठे रहे।

शामली के बड़ा बाजार में रहने वाले राम मोहन गौड़ का लगभग 23 साल पहले निधन हो गया था। वह तहसील में अमीन थे। राम मोहन की पत्नी सुशीला गौड को सर्दी के मौसम में अंगीठी जलाकर हाथ सेकनी की आदत थी और उनकी साथ उनके बेटे भी बैठ जाते थे।

परिजन बताते है कि उन्हें कई बार अंगीठी न जलाने व हीटर लगाने को कहा गया लेकिन उन्हे क्या मालूम था कि एक दिन यही अंगीठी उनके लिए मौत बन जाएगी। घटना के समय भी तीनों अंगीठी जलाकर बैठे हुए थे। और इसी कारण शायद लीक सिलेण्डर ने लीक अंगीठी ने आग पकड ली जिसके बाद यहां मां-बेटों के तीन शव पडे थे।

**पिता की नौकरी मिली थी :** मृतक कानूनगो अमित गौड के पिता शामली तहसील में अमीन थे। नौकरी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद पिता की नौकरी अमित गौड को अमीन के पद पर मिल गई थी और वह पहले बुढ़ाना अमीन के पद पर रहे जिसके बाद भेट में अमीन रहे। और यहां से प्रमोशन होकर वह देवबंद तहसील में कानूनगो के पद पर रहे।

**बीमार बेटे को देखने आई थी मां व भाई:** परिजन बताते है कि कानूनगो को काला पीलिया था। और हाल में उनका इलाज एम्स में चल रहा था कानूनगों के साथ एक गंभीर बात यह भी थी कि बीमारी में छुट्टी न मिलने के कारण भी उनकी बीमारी को फायदा नहीं हो रहा था।

उनकी मां सुशीला देवी व उनका छोटा भाई नितिन उन्हें देखने के लिए वसुंधरा रेजीडेंसी उनके घर आता रहता था। यह दोनों 15 दिन पहले ही यहां पर आए थे। नितिन भी बीमार रहता था, लेकिन शायद मां बेटे को मौत यहां खींच लाई।

**धार्मिक प्रवृत्ति का था परिवार :** कानूनगो की मां और परिवार धार्मिक प्रवृत्ति की थी। हादसे वाले दिन भी सुबह उठकर पूजा पाठ कर आराम कर रही थी। इसी दौरान हादसे में उनकी मौत हो गई।

**बेटी देहरादून में करती है नौकरी:** कानूनगो के परिवार में दो बेटी बड़ी अक्षिका (22) एमसीए की शिक्षा करने के बाद देहरादून एक बैंक में नौकरी करती है।

**ससुर है लोकतंत्र सेनानी व रिटायर्ड प्रधानाचार्य :** कानूनगो के ससुर प्रेम प्रकाश शाहपुर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसिपल है। स्कूल से रिटायर्ड होने के बाद वह अपने गांव वजीराबाद परिवार के साथ रहते है।

**मां व भाई का पेंशन से चलता था गुजारा:** कानूनगो के पिता अमीन थे। उनके निधन के बाद उनकी पेंशन आती थी। उससे उनकी माता व भाई नितिन का गुजारा चलता था। उनका भाई व मां शामली में अपने पुराने मकान में रहते थे।

**गैस कंपनी की टीम ने किया निरीक्षण :** दर्दनाक घटना के बाद अधिकारियों के आदेश पर भारत पेट्रोलियम एलपीजी सहारनपुर रेंज के प्रभारी कृष्ण गुप्ता भारत ने तीन सदस्यों वाली अपनी टीम के साथ वसुंधरा रेजीडेंसी स्थित काननूगो के मकान की जांच पड़ताल की। फटे सिलिंडर व जले सामान को देखा। यह टीम आपूर्ति विभाग की सूचना पर जांच के लिए पहुंची थी।

**जेवर गायब:** पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद भाकियू नेता योगेश शर्मा और परिवार के अन्य लोगों को इस बात पर हैरत थी कि इतनी दर्दनाक घटना हुई और किसी ने घर में रखे सोने के जेवर भी गायब कर दिए। मौके पर चांदी की चीजों का प्लास्टिक का डिब्बा ही मिला।

इसकी शिकायत एसएसपी और जिलाधिकारी सेकी गई है जहां उन्हे जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।



## परिजन व रिश्तेदारों ने दी नम आंखो से अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुक्रताल स्थित शमशान घाट पर मंगलवार शाम दो सगे भाईयों सहित माँ की चिताएं एक साथ जली। शमशान घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान परिजन सहित गणमान्य भी भारी संख्या मे उपस्थित रहे। मुजफ्फरनगर की वसुंधरा कॉलोनी में सोमवार को आग लगने के एक हादसे में अमित गौड़, नितिन गौड़ व उनकी माता सुशीला गौड़ की दु:खद मौत हो गयी थी।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के उपरांत तीनों के शव शुक्रताल स्थित शमशान घाट पर लाये गए जहां मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। ममेरे भाई अर्पित शर्मा ने फुफेरे भाइयों व बुआ की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल भाजपा नेता रामकुमार शर्मा,अरुण गोयल, रविन्द्र व भाकियू के मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, प्रदीप शर्मा तथा सहारनपुर जिले की देवबंद तहसील के नायब तहसीलदार राकेश कुमार राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा,प्रवेश त्यागी,लेखपाल भूपेंद्र मौजूद रहे। इसके अलावा मृतक अमित गौड़ के मामा कुबेर दत्त शर्मा, तहेरे भाई, नीरज गौड़, देवानंद गौड़, विजय गौड़, तहेरी बहन, मीनू, नीतू व गीता शर्मा, अमरकांत शर्मा, ऋषभ, सुभाष शर्मा, नीरज सिंघल,अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे। मृतक अमित गौड़ की पत्नी ऋचा उर्फ़ अन्नु शर्मा का मायका मोरना क्षेत्र के गांव वजीराबाद मे है। घटना से जहां पूरे जनपद में अशोक की लहर है वही गांव वजीराबाद में भी मातम छाया हुआ है।

**शमशान घाट पर छाया मातम:** मंगलवार की शाम शुक्रताल शमशान घाट पर मातम छाया हुआ था तीन चिताएं एक साथ जल रही थी पिता अमित, चाचा नितिन व दादी सुशीला की चिता के बड़ी बेटी अक्षिका छोटी बेटी आराध्या सहित मृतक अमित की पत्नी ऋचा का रोरोकर बुरा हाल था। मृतक अमित गौड़ सहारनपुर जनपद की देवबंद तहसील में राजस्व निरीक्षक थे व स्वर्गीय पिता भी राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात थे। दादा हरिशंकर गौड़ स्वतंत्रता सेनानी बताये गये हैं।





# शस्त्र लाइसेंस जारी करने के नाम पर साइबर ठगी

## गजब: विधायक मदन भैया के मोबाइल पर फोन कर बताया खुद को डीएम कार्यालय का कर्मचारी

**शाह टाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** शस्त्र लाइसेंस बनवाने के नाम पर साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को जिलाधिकारी कार्यालय से जुड़ा बताते हुए एक युवक को झांसे में ले लिया और उससे ठगी की वारदात को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय लोकदल के खतौली विधायक मदन भैया ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर सहित प्रदेश के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। विधायक मदन भैया ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया



कि ब्रह्मपुरी निवासी मनोज पंवार पुत्र वीरेंद्र सिंह ने शस्त्र लाइसेंस के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया था, जिसमें विधायक का संस्तुति पत्र भी संलग्न था। इसी बीच विधानसभा सत्र के दौरान लखनऊ प्रवास के समय विधायक के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर आईडी पर 'डीएम ऑफिस' प्रदर्शित हो रहा था। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को जिलाधिकारी कार्यालय मुजफ्फरनगर से बताते हुए कहा कि मनोज पंवार का शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत हो गया है और उनसे संपर्क करने को कहा।

कॉलर की बातों पर बिश्वास करते हुए विधायक ने मनोज पंवार से फोन पर बातचीत कर उन्हें इसकी जानकारी दी और कॉल करने वाले का मोबाइल नंबर भी साझा कर दिया। इसके बाद ठगों ने मनोज पंवार से संपर्क कर शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर उससे साइबर ठगी कर ली। विधायक मदन भैया ने पत्र में चिंता जताई है कि ठगों को यह जानकारी कैसे मिली कि मनोज पंवार ने शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन किया है और उसमें विधायक का संस्तुति पत्र भी लगा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यह संवेदनशील जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय से लीक हुई हो सकती है, जो बेहद गंभीर मामला है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि शस्त्र लाइसेंस से जुड़े आवेदन और संस्तुति पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में ही जमा होते हैं, ऐसे में प्रथम दृष्टया संदेह वहीं जाता है। यदि किसी भी स्तर पर कोई कर्मचारी इसमें संलिप्त पाया गया, तो भविष्य में इससे बड़े साइबर फॉड की घटनाएं हो सकती हैं। विधायक ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि आमजन का प्रशासन पर भरोसा बना रहे और इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।

# वाल्मीकि चौक की स्थापना को मंत्री कपिल देव के समक्ष उठाई मांग

**सौंपे गए ज्ञापन में की समाज के भावनाओं के सम्मान की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वाल्मीकि क्रान्ति दल एवं वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने भगवान वाल्मीकि चौक की स्थापना की मांग को लेकर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा इस अवसरपर वाल्मीकि क्रान्ति दल के सुप्रीमो दीपक गम्भीर, महासचिव सोनू सरवट, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिड़ला सहित सुरेश कुमार बारी, गोतमराम, राजू प्रधान, डॉ. प्रदीप, देवी प्रसाद, दिनेश, संजय, गुल्लू ने एक स्वर में राज्य मंत्री से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने मांग उठाते हुए कहा कि नगर में अनेक महापुरुषों एवं देवी-देवताओं के नाम पर चौक स्थापित हैं और हाल ही में नगर पालिका द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम से अटल चौक की स्थापना भी की गई है, लेकिन लंबे समय से मांग के बावजूद भगवान वाल्मीकि के नाम से चौक की स्थापना को अब तक मंजूरी नहीं मिल सकी है।वाल्मीकि क्रान्ति दल के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 में टाउन हॉल रोड पर चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के सामने भगवान वाल्मीकि चौक की स्थापना की गई थी, जिसे बाद में अवैध अतिक्रमण बताकर हटा दिया गया। इससे वाल्मीकि समाज में गहरी नाराजगी है। समाज के लोगों ने मांग की है कि नगर के रेलवे रोड टी-प्वाइंट अथवा टाउन हॉल रोड में से किसी एक स्थान पर भगवान वाल्मीकि चौक की स्थापना की अनुमति दी जाए, जिससे समाज की भावनाओं का सम्मान हो सके।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करते डीएम उमेश मिश्रा।

## आरडीएफ के खेल को मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे राजपाल बालियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना विधान सभा क्षेत्र के रालोद विधायक रालोद विधायक राजपाल बालियान इलाके के लोगों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को एसएसपी संजय वर्मा से मिलने पहुंचे उन्होंने कहा आरडीएफ के नाम पर जिले में दिल्ली से आ रहे कचरे पर अविलंब रोक लगनी चाहिए, क्योंकि इससे जिले की आबोहवा खराब हो रही है। इस मसले को लेकर वो जल्द सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। उन्होंने बंग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन के आंदोलन के बाद यह साफ हो पाया है कि दिल्ली से आरडीएफ के नाम पर जिले में कचरा आ रहा है, जिसे पेपर मिलों में धड़ल्ले से जलाया जा रहा है, जिससे प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ हम सब को इसका विरोध करना चाहिए। मीडिया भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आरडीएफ के नाम पर दिल्ली से आने वाले गंदे कपड़ों और कचरे को दिखाना चाहिए, ताकि इस पर जल्द से जल्द रोक लगाई जा सके। इस मामले में वो जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरी बात बताएंगे।

विधायक राजपाल बालियान ने मीडिया से बात करते हुए उनके हर एक सवाल का बेबाकी से जवाब दिया बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के सवाल पर भी कहा कि केन्द्र सरकार लगातार बंग्लादेश सरकार पर हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर दबाव बना रही है।



मुजफ्फरनगर: वाल्मीकि चौक की स्थापना को बैठक करते समाज के लोग।

# बैठक में उद्यमियों ने आने वाली समस्याएं गिनाई, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के फेडरेशन भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत फेडरेशन के अध्यक्ष नीलकमल पुरी द्वारा जिलाधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों का बुके भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई। फेडरेशन के सचिव अभिषेक अग्रवाल द्वारा बैठक के संचालन हेतु सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार को आमंत्रित किया गया। बैठक में अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने जिले में उद्योगों को हो रही विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा अक्सर यह कहा जाता है कि लाइन चालू है, जबकि वास्तविक स्थिति इसके विपरीत होती है। कई फीडरों पर घंटों का शटडाउन एवं ब्रेकडाउन होने के कारण उद्योगों का उत्पादन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और कुछ क्षेत्रों में फैक्ट्री संचालन अत्यंत कठिन हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि उनके संज्ञान में ऐसी समस्याएं नहीं आनी चाहिएं जिनसे किसी भी इकाई का उत्पादन प्रभावित हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उद्यमियों की विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याएं एक सप्ताह के भीतर हर हाल में दूर की जाएं, अन्यथा विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका, प्रज्ञा सिंह को निर्देश दिए कि वहलना चौक से शिव चौक तक के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण शीघ्र कराया जाए तथा मेरठ रोड स्थित इंडस्ट्रियल एस्टेट की साफ-सफाई व्यवस्था को भी तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वहलना क्षेत्र में पड़ी सरकारी भूमि पर कूड़ा-कचरा न डाला जाए या तो उक्त भूमि किसी विभाग को आवंटित की जाए अथवा वहां पार्क का निर्माण कराया जाए, जिससे गंदगी की समस्या समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं विद्युत विभाग को यह भी निर्देश दिए कि सड़क मार्गों पर पड़े जर्जर एवं निष्क्रिय विद्युत पोलों को तत्काल हटाया जाए, ताकि आवागमन में बाधा न हो। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी निर्देशित किया कि वे औद्योगिक इकाइयों पर निरंतर निगरानी बनाए रखें, ताकि किसी










# भाकियूअ जिलाध्यक्ष ने कचरे की गाड़ियों को करवाया सीज

## जिलाध्यक्ष दर्जनों समर्थकों के साथ सड़कों पर उतरे

**■ दिल्ली से आने वाली गाड़ियों को रोक कर की चेकिंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार अपने दो दर्जनों समर्थकों के साथ आज मंगलवार की देर रात बुढ़ाना क्षेत्र की सड़कों पर उतरे। उन्होंने कचरे की तीन गाड़ियां पकड़ी और मौके पर बुढ़ाना पुलिस को बुलाकर तीनों गाडियां सीज करवाई। ये गाडियां नई दिल्ली से बुढ़ाना क्षेत्र को निकलकर अपने गंतव्य की और जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर में फैक्ट्री द्वारा जलाए जा रहे कचरे को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार द्वारा बुढाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली से आ रही तीन कचरे की गाड़ियों को रुकवाया गया तो सूचना पर वहीं मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने तीनों गाड़ियों पर जुर्माना लगाते हुए कचरे से भरी तीनों गाड़ियों को सीज किया। इस बारे में जब भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से बात की गयी तो उन्होंने साफ़ तौर पर कहा कि जिले में कोई भी कचरा किसी भी मिल में नहीं जलते देंगे। मुजफ्फरनगर में चल रहे अभियान को लेकर आरडीएफ के नाम पर दिल्ली से कचरा की गाड़ी फैक्ट्री में जलाई जा रही है। वहीं एक कचरे की गाड़ी के चालक से जब बात की गई तो उसने अपने आपको टिकैत गुट का बताते हुए गाड़ी छोड़ने को कहा लेकिन भाकियू अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार ने उच्च अधिकारियों को जानकारी देते हुए तीनों गाड़ियों को सीज करवाया दिया।

# बिहार एक झलक: थीम के साथ कलर्स-2025-26 का धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ''क्लर्स-2025-26'' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस की थीम ''बिहार एक झलक'' रही। कार्यक्रम में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा एक के बाद एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. रूपेश कुमार, कमिश्नर, सहारनपुर, उमेश मिश्रा जिलाधिक. ारी, मुजफ्फरनगर, मीनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन नगर पालिका, मुजफ्फरनगर, सिद्वार्थ शंकर त्रिपाठी वित्त अधिकारी, मॉ शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर पंकज प्रकाश राठौर, सीटी मजिस्ट्रेट कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. एससी कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन श्रीराम गुप ऑफ कॉलेजेस अतिविशिष्ट अतिथि भाकियू (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, चेयरमैन प्रमोद टांक, अध्यक्ष नगर इकाई, मुजफ्फरनगर, गरिमा जैन, प्राचार्या डीएवी कॉलेज, मुजफ्फरनगर, राजेन्द्र सिंघल, प्राचार्य राजा महेन्द्र प्रताप पीएस गुरूकूल, डा ईश्वरचंद्र वरिष्ठ एवं प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ, डा राकेश अग्रवाल, वैधरत्नम अरोग्यधाम, निलम अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथियो टीएस रावत, अध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज आफ लॉ, सतीश चन्द्र गोयल, चेयरमैन, टिहरी स्टील लिमिटिड, मुजफ्फरनगर, अशोक बालियान, अध्यक्ष पीजेंट सोसाइटी, उद्योगपति कुशपुरी, डा अंजु वालिया, प्राचार्या आईआईएमटी, सहारनपुर, देवेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष एसआरजीसी, शहरकाजी तनवीर आलम, अशोक बाटला आदि प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति तथा श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के सिक्रेटरी ई0 संकल्प कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कालेज आफ लॉ की सचिव मुक्ता कुलश्रेष्ठ, शुभ कुलश्रेष्ठ श्रीराम कॉलेज के ट्रस्टी द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

छात्राओं ने नृत्य काली तांडव पर अदभुत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों द्वारा भोजपुरी समूह नृत्य प्रस्तुत कर खुब तालियाँ बटौरी। फार्मेसी के छात्र-छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्ख्र ति को दर्शाते हुये एक धमाकेदार प्रस्तुति दी गई। इसके बाद बायोसाइंस विभाग के छात्रों द्वारा भोजपुरी प्रसिद्व गीतो पर धमाकेदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गर्ल्स होस्टल की छात्राओं द्वारा मिथिला थीम पर समूह नृत्य पेश किया गया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान विभाग के छात्रो द्वारा भोजपूरी समूह नृत्य तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा भोजपुरी देशी माटी स्क्वाइड नृत्य किया गयां। गर्ल्स होस्टल की छात्राओं द्वारा हनुमान थीम पर समूह नृत्य किया गया। ख्रषि विज्ञान के छात्रों द्वारा बिहारी की संस्ख्रति को दर्शाते हुये छठ पूजा के महत्व को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि युवाओं के बीच आने से उनका उत्साहवर्द्धन होता है। उन्होने कहा कि यह मेरे लिये सौभाग्य की बात है कि मैं श्रीराम कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम क्लर्स-2025-26 में उपस्थित हुआ हूॅ। मुझे विद्यार्थियों के बीच आकर अपार आनन्द की अनुभूति हुई है। इस वर्ष ब्श्विविद्यालय की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले और स्वर्ण पदक हासिल करने वाले 45 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ ने कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन कपिल धीमान, बाहय प्रवेश समन्वयक, एसआरजीसी, मौ0 शहजाद, हुरैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यहां पर निदेशक डा एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कालेज उप प्राचार्य डा सौरभ मित्तल, श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डा0 गिरेन्द्र गौतम, ललित कला विभाग के निद. ेशक मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स डॉ0 विनीत कुमार शर्मा, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, निशांत राठी, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग डीन डा0 सुचीत्रा त्यागी, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, श्रीराम पॉलिटैक्निक निदेशक, डा0 अ्रवनी, प्रवेश समन्वयक नीतू सिंह, एचआर पंकज, सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# गुरु गोविंद प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी निकाली

**■ जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के नारों से गूंजा नगर**

**खतौली।** दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर में निकाली जा रही प्रभात फेरी का तीसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे नगर में 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

प्रभात फेरी का शुभारंभ दुर्गापुरी शिवपुरी स्थित आशीष रावल के आवास से हुआ। यहां से यह दुर्गापुरी, अशोक मार्केट, जीटी रोड घंटाघर होते हुए श्री माता राम मूर्ति गुरुद्वारा विधि वादा पहुंची। गुरुद्वारे में विद्याभूषण साहनी एवं भारत भूषण साहनी परिवार की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। इस अवसर पर ज्ञानी सोहन सिंह द्वारा शब्द कीर्तन का पाठ कर संगत को निहाल किया गया।

इसके उपरांत प्रभात फेरी विधि बड़ा, जीटी रोड, जानसठ ओवरब्रिज व शिवजी मूर्ति मार्ग से होती हुई पंजाबी कॉलोनी गली नंबर-1 पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। आगे चलकर प्रभात फेरी रेलवे रोड स्थित सरदार गुरमीत सिंह के आवास पर पहुंची। यहां भी पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ तथा ज्ञानी जनक सिंह द्वारा शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही चाय-नाश्ते के प्रसाद का वितरण किया गया। अंत में प्रभात फेरी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, जानसठ रोड, खतौली पहुंची, जहां इसे विधिवत विश्राम दिया गया।

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की सहभागिता और संगत की भक्ति भावना देखते ही बन रही थी। प्रभात फेरी में ज्ञानी सोहन सिंह, ज्ञानी जनक सिंह, सरदार वीरेंद्र सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार सतपाल सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, सरदार हरभजन सिंह, सरदार सोहन सिंह, सरदार जसवीर सिंह, हरबंस लाल सलूजा, विद्याभूषण साहनी, नितिन ग्रोवर, गौरव सरूजा, पंजाबी समाज अध्यक्ष मोनू मंगवानी, रमेश तनेजा, सुरेश साहनी, किशन लाल, देवेंद्र ढोलू, सरदार मंजीत सिंह, सरदार ईश्वर सिंह एडवोकेट, सरदार हरविंदर सिंह, आशीष रावल, विनोद कुमार, गौरी शंकर गौरी, सरदार गगन सिंह, चुन्नीलाल, लता आंटी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते।




मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

# लाला जगदीश प्रसाद कॉलेज में नवनिर्मित लिफ्ट का विधिवत शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्मित लिफ्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा, प्रबंधक बाल बहादुर, सह-प्रबंधक ज्ञानचंद संगल, कोषाध्यक्ष सीए अजय कुमार जैन, विद्या भारती के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद एवं प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ किया। तत्पश्चात पंडित विवेक शर्मा एवं अनन्या त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से हवन कार्य संपन्न कराया। आगंतुक अतिथियों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने हवन में आहुति दी।



हवन के उपरांत आगंतुक अतिथियों ने फीता खोलकर व नारियल फोड़कर नवनिर्मित लिफ्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सह-प्रबंधक ज्ञानचंद संगल ने कहा कि विद्यालय की उन्नति के लिए विद्यालय प्रबंध समिति निरंतर प्रयासरत है।

नवीन सत्र में विद्यालय को सीबीएसई से संबद्ध किया जा रहा है। इसी के निमित्त भवन में लिफ्ट का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में लिफ्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह उपलब्धि विद्यालय के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। नवनिर्मित लिफ्ट के शुभारंभ के अवसर पर प्रबंधक बाल बहादुर ने समस्त विद्यालय परिवार को शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मुजफ्फरनगर**
वाद सं0 टी-202509550601820 सन् 2024

1. सुरेन्द्र कुमार, 2. प्रमोद कुमार, 3. नरेश, 4. अरूण कुमार, 5. सुधीर पुत्रगण ओमदत्त उर्फ ओमप्रकाश निवासीगण ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 6. श्रीमती क्रान्ति पत्नी ओमदत्त उर्फ ओमप्रकाश ... **प्रार्थीगण/वादीगण**

**बनाम**

1. महेन्द्र सिंह, 2. अरविन्द कुमार, 3. अमरीश कुमार, 4. सुनील कुमार, 5. योगेश कुमार पुत्रगण जयनन्द सिंह, 6. सुरेन्द्र कुमार, 7. नरेश चन्द पुत्रगण सियानन्द, 8. पीयूष पुत्र नरेन्द्र कुमार, 9. श्रीमती सुप्रभा पत्नी नरेन्द्र कुमार निवासीगण ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 10. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मु0नगर। .....**प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 24 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम मुबारिकपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 07/01/2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 26/12/2025 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी**
**खतौली।**

# डकैती के वांछित शातिर को पुलिस ने दबोचा

**■ लूटी गई 30,600 रुपये की नकदी बरामद**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में थाना खतौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने डकैती के एक मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की रकम में से 30,600 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिद. ेशक मेरठ जोन मेरठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में की गई। अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, क्षेत्राधिकारी खतौली राम आशीष यादव एवं थाना प्रभारी खतौली दिनेश चंद्र ने किया।

बताया गया कि 5 दिसंबर को थाना खतौली क्षेत्र के मोहल्ला लाल मोहम्मद में अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर वहां मौजूद लोगों को अवैध शस्त्रों से आतंकित करते हुए नगदी व आभूषण लूट लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना खतौली पर मुकदमा दर्ज कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया था तथा एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। लगातार दबिश और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 30 दिसंबर 2025 को डकैती की घटना की रेकी करने वाले वांछित अभियुक्त शुभम पुत्र निर्दोष द्धउम्र करीब 23 वर्षत्र्, निवासी नियामू थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर को तिगाई रजवाहे हाईवे के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से डकैती के माल में से उसके हिस्से में आई 30,600 रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है तथा उसके विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में भी दबिश दे रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक कमल किशोर, उप निरीक्षक तेजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल मुनीश शर्मा एवं हेड कांस्टेबल सतेंद्र शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में खौफ और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र वसीम गलत संगत में पड़कर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा उसकी गलत हरकतों से परेशान होकर मैने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सभी संबंध समाप्त कर लिए है यदि वसीम किसी से कोई लेनदेन, लडाई झगडा या कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**तय्यब पुत्र हासिम**
**निवासी-नया गांव नरसिंहपुर चुडियाला**
**थाना-मीरांपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# ग्रामीण ने अधिकारियों से लगाई इंसाफ की गुहार

**■ पुलिस की मिली भगत से पेड़ काटने का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांव बामनहेडी निवासी ग्रामीण ने पुलिस अधिकारियो को दिए शिकायती पत्र में पेड काटने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। बामनहेडी निवासी प्रवीन कुमार प्रवीण कुमार पुत्र स्व. छोटे सिंह ने बताया कि खेतो के पास अनिरूद्ध पुत्र सतपाल गांव बामनहेडी थाना कोतवाली जिला मुजफ्फरनगर के भी खेत है। उक्त अनिरूद्ध शातिर, चालबाज, हथियारबन्द, दबंग व झगडालू किस्म का व्यक्ति है, जोकि प्रार्थी से भी रंजिश रखता है। 27 दिसम्बर को अनिरूद्ध ने अपने पुत्रों आदि उर्फ आदेश व मानव उर्फ काजू के साथ मिलकर चोरी से 4 पेड शीशम, 6 पेड पोपूलर व 2 पेड यू. के. लिपटिस जोकि प्रार्थी की खेत की मेढ पर थे, चोरी से काट लिये, पेडो को काटते हुए नैन सिंह पुत्र फूल सिंह व मेहर सिंह पुत्र चौहल सिह गांव बामनहेडी ने देखा व प्रार्थी को सूचित किया। प्रार्थी ने घटनास्थल पर जाकर जब उक्त अनिरूद्ध व उसके पुत्रों का विरोध किया तब अनिरूद्ध व उसके पुत्र आदि उर्फ आदेश व मानव उर्फ काजू ने प्रार्थी के साथ गाली गलौच की व जान से मारने की नियत से प्रार्थी की ओर झपटे व कहा कि साले आज तेरा काम तमाम कर देते है और मां बहन की गांलिया दी। प्रार्थी ने भाग कर अपनी जान बचायी व घटना की सूचना थाना कोतवाली जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस को दी।

# 22 साल बाद किसानों को मिलेगा मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के बड़ौदा गांव मे स्थित पंचायत भवन पर एकत्रित हुए दर्जनों किसानों भाजपा की जय जयकार की और कहा कि पूर्व विधायक उमेश मलिक और जिला सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह के प्रयास से अब उनको मुआवजा मिल जाएगा।

बताया जाता है कि नहर मुआवजा प्रकरण को लेकर किसान लगभग 22 वर्षो से मुआवजा पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। खबर है कि अब किसानो को दूसरी किस्त के तीन करोड मिलेंगे जो कि स्वीकृत हो गये हैं। इसी को लेकर आज ने ग्राम वासियों ने एकत्र होकर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह एवं बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर ठाकुर रामनाथ सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार की और से दूसरी किस्त तीन करोड रूपए आ जाने पर यहां के किसानों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया जिनके कुशल नेतृत्व में आज प्रदेश का किसान स्वावलंबन की ओर जीवन यापन कर रहा है वही उमेश मलिक ने भी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह संघर्ष मेरे राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा उदाहरण है जो 22 साल बाद किसानों को मुआवजा मिला है।



**सूचना**

मेरा एक मकान ग्राम अलमासपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है। मैं 24 दिसम्बर 2025 को करीब दस बजे सवेरे अपने घर से नई मंडी मुजफ्फरनगर गया था। उसी समय मेरा मूल बैनामा रास्ते में कही खो गया है। मैने अपने मूल बैनामे को काफी तलाश किया। इधर-उधर ढूंढा, लेकिन मेरा बैनामा नहीं मिला। जिसको भी मेरा बैनामा मिले उसका दुरूपयोग न किया जाये।

**श्री लीलू पुत्र सुम्मारी**
**निवासी-ग्राम अलमासपुर, निकट प्राइमरी स्कूल, तहसील सदर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**7417341049**

# अपराधियों पर भारी पड़ रही शाहपुर पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा के कुशल मार्ग निर्देशन में शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह अपराधियों को मुठभेड़ों में शिखा रहे रहें सबक। शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विकास चौधरी, उप निरीक्षक अनिकेत धारीवाल, हेड कांस्टेबल रोहतास, हेड कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा, कांस्टेबल प्रशांत, कास्टेबल अनुपम, कांस्टेबल अलीम, कांस्टेबल शिवम यादव आदि ने दौराने पुलिस मुठभेड 01 शातिर चोर वांछित अभियुक्त को घायल कर किया गिरफ्तार, अवैध असलाह भी किया बरामद। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के कुशल मार्ग निर्देशन में शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने चार्ज संभालते ही अपराधियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और यह भी दिखा दिया है कि कोई भी अपराधी अपराध करेगा तो वह किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। गोली का जवाब गोली से दिया जाएगा और शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह व उनकी टीम करती हुई भी नजर आ रही है देर रात भी शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विकास चौधरी, उप निरीक्षक अनिकेत धारीवाल, हेड कांस्टेबल रोहतास, हेड कांस्टेबल प्रेमचंद शर्मा, कांस्टेबल प्रशांत, कास्टेबल अनुपम, कांस्टेबल अलीम, कांस्टेबल शिवम यादव आदि ने दौराने पुलिस मुठभेड 01 शातिर चोर वांछित अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस बरामद किये है गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज बताई जा रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक ह्मेरठ जोन मेरठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक ह्सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढाना गजेन्द्र पाल सिंह एवं थाना प्रभारी शाहपुर गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।



घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 29.12.2025 की रात्रि को थाना शाहपुर पुलिस टीम रजवाहा पुलिया धनायन रोड से ग्राम सोरम जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया परन्तु अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया गया तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग से पुलिस टीम बाल-बाल बची।

**UTTAM SUGAR MILLS LIMITED**

Village Khaikheri, Purqazi, Distt- Muzaffarnagar (U.P.)
Email ID-hodhr.khaikheri@uttamsugar.com

**VACANCY NOTICE**

Post/Grade :Welfare Officer (Grade-III)
No- Of Vacancy :01
Pay Band/Scale of pay:Pay Band III/ Scale Pay 15600-39100/Grade Pay 5400 as per UP Factories Welfare Officer Rules 1955.

**Qualification/ Eligibility:**

1.He Is citizen of India with knowledge of Hindi in Devanagiri Script
2. He is not less than 21 Yrs.
3. A Degree from any University established by law in MSW or Social Science or Labour welfare or Industrial Relations and Personal Management.
4. Preference will be given to experience candidate having an additional degree in Law and having exposure to handling legal cases and Liasioning with authorities.

Note:-Interested candidates should send in their resume with details of qualifications and experience with in 10days of publication of this advertisement at the above address/email id through registered post or by email.

**सार्वजनिक सूचना**

यह घोषित किया जाता है कि पंजीकृत गोदनामा दिनांक 05 अप्रैल 2018 के अनुरूप मेरे पिता स्व. रोहताश पालीवाल पुत्र श्री दौलतराम के स्थान पर श्री इन्द्रदत्त पालीवाल पुत्र स्व. श्री दौलतराम है। मुझ से संबंधित सभी प्रपत्रों में मेरे पिता का नाम श्री इन्द्रदत्त पालीवाल पुत्र दौलतराम निवासी ग्राम मुस्तफाबाद मुजफ्फरनगर पढ़ा जावे।

**घोषणा कर्ता**
**विभान्शु पालीवाल**
**पुत्र इन्द्रदत्त पालीवाल**
**निवासी-ग्राम मुस्तफाबाद,**
**जिला मुजफ्फरनगर,**
**तहसील-सदर**

# क्रांति सेना ने बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा, निर्मम हत्याओं और अत्याचारों की गूँज अब स्थानीय स्तर पर भी सुनाई देने लगी है। मंगलवार को जानसठ में क्रांति सेना के युवाओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज कराया। यह विरा. ेध प्रदर्शन क्रान्ति सेना के ब्लॉक सदर के अध्यक्ष योगेंद्र सैनी के नेतृत्व में किया गया जिसमें भारी संख्या में युवा निरीक्षण भवन पर एकत्रित हुए। निरीक्षण भवन से क्रांति सेना के बड़ी संख्या में युवा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और उपद्रवियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जुलूस निकाला गया। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लेकर



षहिंदुओं पर अत्याचार बंद करोष के नारे लगाते हुए कस्बे के हाईवे मार्ग से होकर जानसठ-खतौली तिराहे पर पहुंचे। खतौली तिराहे पर प्रदर्शनकारियों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पड़ोसी देश में हिंदुओं की संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है और उनकी जान ली जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और वहां रह रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान मुख्य रूप से प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे योगेंद्र सैनी के साथ दीपक, सुंदर प्रजापति, नीरज, दीपांशु कश्यप, मनीष पाल, मनोज सैनी, अनिल पाल, वीरपाल प्रजा. पति, सचिन, श्यामलाल सैनी और संदीप सैनी सहित दर्जनों युवा पदा. धिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे.।

# कोचिंग से लौटती छात्राओं को युवक ने जबरन बाइक पर बैठाने का किया प्रयास

## पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में कोचिंग से पढ़ाई कर लौट रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और जबरन बाइक पर बैठाने के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है।

आरोपी युवक ने छात्रा के विरोध पर उसके भाई के साथ मारपीट की और गोली मारने की धमकी भी दी। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की छात्रा मंगलवार को खतौली की शिवपुरी कॉलोनी स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने आई थी। पढ़ाई समाप्त होने के बाद वह अपनी चचेरी बहन के साथ पैदल गांव लौट रही थी। रास्ते में गांव का ही एक युवक बाइक लेकर उनके पास पहुंचा और छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास करने लगा।

इस दौरान छात्रा के चचेरे भाई ने आरोपी का विरोध किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे गोली मारने की धमकी दे डाली। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिससे घबराकर आरोपी युवक फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही छात्रा के पिता कोत वाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है और फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### टक्कर मारकर ग्रामीण को किया घायल

**बुढ़ाना।** गांव के ही एक युवक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक ग्रामीण को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोनू राणा पुत्र यशपाल सिंह निवासी गांव हरियाखेडा ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 27 दिसम्बर को मेरे पिताजी गांव परासौली से घर पर अपनी मोटर साइकिल से आ रहे थे। जैसे ही वे गांव के पास आए तो गांव हरियाखेडा की तरफ से ही एक तेज रफ्तार गाडी के चालक ने गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पिताजी की मोटर साइकिल मे टक्कर मार दी ग्रामीणों की मदद से उनके पिताजी को मेरठ में भर्ती कराया गया। जिसने घटना को अंजाम दिया है वह गांव का ही युवक सूरज पुत्र डैनी है जो कि अपनी ग़लती मानने को तैयार नही है। सोनू ने गाड़ी चालक सूरज के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

# जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन छेड़ेगी भाकियू तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों की समस्याओं,विशेषकर भूमि विवाद और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह मौन है ओर जिले में व्यापारियों के मुकाबले किसानों के हितों को छोटा आंका जा रहा है। ब्लाक पुरकाजी किसान व केम्पा कोला फैक्ट्री का विवाद चल रहा है प्रशासन ने उसे जल्दी ही नही निपटाया तो संगठन बड़ा आन्दोलन करेगा।

मंगलवार को भाकियू तोमर के रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया




गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों के लिए तहसील और जिलाधिकारी कार्यालय के चक्कर काटकर थक चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। कैम्पा कोला फैक्ट्री का जमीन विवाद ब्लॉक पुरकाजी का मामला उठाते हुए कहा कि नहर की पटरी पर गांव सुवाहेडी ओर जमाल. पुर में श्कैम्पा कोला फैक्ट्रीश द्वारा किसानों की जमीन कब्जाने का काम किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस मामले में जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में 11 किसानों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला था। करीब 45 मिनट चली वार्ता के बाद डीएम ने जमीन को कब्जामुक्त कराने का ठोस आश्वासन दिया था।लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि भाकियू तोमर का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दोबारा जिलाधिकारी से मिलेगा। यदि इस बार भी समाधान नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन ओर प्रशासन की होगी। बैठक के दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए बिजनोर के कोमेन्दर चौधरी को विधि प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया व राजू पठान को संगठन में सदस्य के रूप में शामिल किया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, दीपक तोमर, आकिल राणा, जाकिर, हनी बालियान, रवि, अवनी, इरशाद, छोटा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने चांदी के जेवरात ठगने वालों को दबोचा

**बुढ़ाना/फुगाना।** महिलाओं से सोने चांदी और नगदी ठगने वाले फुगाना पुलिस ने दबोच लिए। आरोपी ठगी के बाद भी महिलाओं को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक लाख रुपये की भी मांग कर रहे थे। फुगाना निवासी एक ग्रामीण ने फुगाना पुलिस को बताया था कि मेरे लड़के की पत्नी के मोबाइल पर इंस्टाग्राम से एक नम्बर से चौट होने लगी। उसने अपना नाम शहजाद बताया और कहा हम पैसा एक माह में डबल करते हैं तो पुत्रवधु ने कहा कि मेरे पास पैसे नही हैं। जिस पर उसने कहा कि तुम्हारी शादी हो गयी तो उसने कहा कि हां मैं शादीशुदा हूं तो उसने कहा कि हम आभूषण भी डबल कर देंगे और वह बीते 7 दिसम्बर को गाडी से हमारे घर आये। जिसमें चालक ने अपना नाम रूपेश व उसमें बैठी महिला ने अपना नाम दीपाली निवासीगण फरीदाबाद सेक्टर 75 का बताकर मेरी पुत्रवधु से लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवरात व नगदी लेकर चले गये। फिर उसकी पुत्रवधू की मामी से उनके फोन से वार्ता कर एक एक हजार रूपये कार्तिक खण्डेलवाल निवासी हजरतगंज रोड़ नया बाजार ग्वालियर के एसबीआई के खाते में लिये और जब हमने अपने पैसे के बारे में जानकारी करनी चाही तो कहने लगे कि हमने बात करके तुम्हारी बहु के गलत फोटो बना लिये हैं। अब उन आभूषणों को भूल जाओ और हमे एक लाख रूपये और दो नही तो हम तुम्हारी हत्या कर देंगे। पुलिस ने जाल बिछाकर फुगाना क्षेत्र से सभी आरो. पियों को गिरफतार कर लिया। इस खुलासे में सबसे ज्यादा मेहनत कांस्टेबल अजय तेवतिया की रही। पुलिस ने सभी कुछ सामान और नगदी बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### बोरिंग में पत्थर डालने से मना किया तो की पिटाई

**बुढ़ाना।** पड़ोसी किसान के खेत में हो रहे नये बोरिंग में पत्थर डालने से मना करने पर एक युवक ने विरोध करने वाले ग्रामीण की ही पिटाई कर दी। हरवीर सिंह पुत्र मंशाराम निवासी गांव शाहडब्बर ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया की उसका भाई रामवीर बीती 26 दिसम्बर को अपने खेतों पर रोजाना की भांति काम करने के लिए गया हुआ था। तब खेतों से घर पर आते समय रास्ते में उसको सुरेन्द्र पुत्र कबला की टड्ूबवेल पर विपिन पुत्र ब्रजमोहन निवासी गांव सफीपुर पटी बोरिंग मे पत्थर डालता हुआ मिला। उसी समय उसके भाई रामवीर ने उसे बोरिंग मे पत्थर डालने से मना किया तो विपिन ने उसके भाई रामवीर के साथ मारपीट और गाली गलौच की। जिसमें उसके भाई रामवीर को गंभीर चोटें आयी। उसके बाद वहां पर शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगो को मौके पर आता हुआ देखकर विपिन वहां से भागने लगा ओर जाते जाते उसके भाई रामवीर को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर बोरिंग में पत्थर डालने वाली बात किसी को भी बताई तो वह उसकी हत्या कर देगा। हरवीर सिंह ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी विपिन के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने विपिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी विपिन की तलाश शुरु कर दी है।

### विद्युत जेई पर लगाया 60 हजार हड़पने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने विद्युत जेई पर 60 हजार रुपये की नगदी हड़पने का आरोप लगाते हुए बुढाना एसडीएम को ओनलाइन शिकायत की है।घ फरमान कुरैशी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गांव उमरपुर ने मंगलवार को बुढ़ाना एसडीएम को ओनलाइन शिकायत में बताया कि उसके तहेरे भाई जरीफ कुरैशी पुत्र इमामुदीन पर कई वर्षों का बिजली का बिल बकाया था। जिस पर बिजली विभाग का करीब 80 हजार रुपये का बकाया चला आ रहा था। जिसकी बाबत विद्युत उप केन्द्र खानपुर में तैनात जेई पवन शर्मा ने 60 हजार रूपये में कनैक्शन के बकाये का सेटलमेन्ट करने का आश्वासन देकर उससे 60 हजार रुपये बीते वर्ष 16 अप्रैल को ले लिये थे। जिसमें से 35 हजार रूपये जेई पवन शर्मा ने अपने फोन पेय पर और 25 हजार रुपये नगद लिये परन्तु जेई पवन शर्मा ने 60 हजार रूपये लेकर उसके तहेरे भाई के बकाया विद्युत बिल में जमा नहीं किये तथा रोज कल कल कहकर चक्कर कटवाते रहे। अब करीब 4 माह पहले जेई पवन शर्मा का कहीं पर बहार ट्रांसफर हो गया तो उसके तहेरे भाई जरीफ कुरैशी ने अपने सैटलमेन्ट की बाबत बात की तो जेई ने उसे धमकाया व अपने रसूख से फंसाने की धमकी दी। अब जेई उनका फोन भी रिसीव नहीं करता। उसके तहेरे भाई ने अन्य विद्युतकर्मियों से तंग आकर बीती 20 दिसम्बर को अपना विद्युत बिल का बकाया रुपया जमा करा दिया। इसलिए अब उसके तहेरे भाई के जेई से 60 हजार रूपये वापिस दिलवाए जाएं।

### नाबालिग की आपत्तिजनक फोटो वायरल

**भोपा।** नाबालिग युवती का आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने का मामला प्रकाश मे आया है। तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक पर क्षेत्र की एक युवती के वीडियो फोटो जबरदस्ती खींचकर उन्हें वायरल करने तथा ब्लैकमैल करने तथा सुनसान रास्ते मे ज़बरदस्ती का प्रयास करने के आरोप लगाया गया है। पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी युवक मनीष निवासी गांव वजीराबाद के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# आसपा के जिला मीडिया प्रभारी हुए पद मुक्त

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा के अनुसार मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांवघ कल्याणपुर में आजाद समाज पाट्ह्य कांशीराम की समीक्षा मीटिंग रखी गई थी। जिसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शाहवेज अहमद को भी थी लेकिन फिर भी उसके बावजूद मेरे द्वारा जिला मीडिया प्रभारी शाहवेज अहमद को समीक्षा मीटिंग में समय से पहुंचने के लिए फोन किया गया और मीटिंग में आने को कहा गया तो उसके जवाब में जिला मीडिया प्रभारी शाहवेज अहमद ने नकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि जहां पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष गुलशन कुमार होंगे वहां हम मीटिंग में नहीं आएंगे। इसलिए अब में आपको अवगत करा देना चाहता हूं कि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में भविष्य मे जो भी मीटिंग होगी वह विधानसभा अध्यक्ष गुलशन कुमार के द्वारा ही आयोजित की जाएगी। इसका मतलब तो यही हुआ कि आप बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में आगामी समय में भी किसी भी मीटिंग में उपस्थित नहीं होंगे। इसलिए आपको जिला मीडिया प्रभारी पद से मुक्त किया जाता है। आज से आप आजाद समाज पार्टी काशीराम के कार्यकर्ता बनकर कार्य करेंगे।

# सत्ता को सेवा का साधन मानते थे अटल बिहारी वाजपेयी:डा. निर्वाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह की श्रृंखला में शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी में विधान सभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मलेन आयोजित किया गया। जहां अतिथियों ने वाजपेयी के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

शुकतीर्थ स्थित शहीद भगत सिंह खेल अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता का मोह कभी स्वीकार नहीं किया और सत्ता को सेवा का साधन मानते रहे। उन्होंने अपना जीवन देश सेवा को समर्पण




कर दिया था वह जब सदन में बोलते थे तो विपक्षी भी उन्हें ध्यानपूर्वक सुनते थे। एमएलसी वंदना वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी संवेदन शील और सिद्धांतवादी नेता थे उन्होंने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।कार्यक्रम संयोजक अमित राठी ने अटल बिहारी वाजपेयी के संकल्पों को पूरा करने के लिए युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। इस दौरान एसआईआर को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी। तथा विपक्ष के भ्रामक प्रचार की आलोचना की गयी। इस अवसर पर रामकुमार शर्मा, प्रकाशवीर, पंकज माहेश्वरी, विनोद शर्मा, संजय प्रधान, अमरनाथ पाल, अरुण पाल, संजय कौरी, अश्विनी सहरावत, विशु सहरावत, अनुज पहलवान, अजय कुमार, जयकरण गुर्जर बिन्नु राठी, इरम जैदी, रविन्द्र बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

# सीओ नीरज सिंह के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**बुढ़ाना।** फुगाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी नीरज सिंह 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होंगे लेकिन एक दिन पहले ही मंगलवार को उनको फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में थाना फुगाना परिसर में दर्जनों पुलिसकर्मियों के द्वारा भावभीनी बिदाई दी गयी। उन्होंने भावुक होते हुए अपने संबोधन में कहा कि आप सभी पुलिसकर्मियों का मुझे यहां पर रहते हुए बहुत सहयोग मिला और समय समय पर छोटी बडी घटनाओं का भी खुलासा किया। में तो इस अवसर पर यही कहूंगा कि आप सब इमानदारी से कार्य करें। पीड़ितो की बातों को ध्यान से सुनकर सही और निष्पक्ष जांच करें क्योंकि पीड़ितों को हमसे बहुत उम्मीद होती है।

मेरा नंबर सभी पुलिसकर्मियों पर है। कोई भी मुझसे किसी अपराधिक मामले के निस्तारण के लिए सलाह लेना चाहेगा में उसको सलाह दूंगा। इस दौरान थानाध्यक्ष विजय कुमार और तितावी के थानाध्यक्ष के द्वारा सेवानिवृत्त सीओ को शिव परिवार की मूर्तियां, गीता और शाल भैंट की गयी। यहां उप निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक कोशैन्द्र कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार और महिला कांस्टेबल सोनम कुमारी सहित अन्य दर्जनों



पुलिसकर्मियों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# एमएलसी से कस्बे के विकास को लेकर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में विधानसभा परिषद स्नातक के सदस्य दिनेश कुमार गोयल से जनपद गाजियाबाद कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी स्नातक बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सह संयोजक आशीष जैन और भारतीय जनता युवा मोर्चा बुढ़ाना मंडल के अध्यक्ष शिवम निमेष एडवोकेट ने मिलकर बुढ़ाना कस्बे की रामलीला के मैदान में स्ट्रीट लाइट, मंच और शनि धाम मंदिर में स्ट्रीट लाइट लगवाने के अलावा विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को भी करवाने की बातें कही। जिस पर दिनेश कुमार गोयल ने दोनो भाजपा पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए



कहा कि वे इन सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए अपनी और से पूरा प्रयास करेंगे।

इस दौरान यहां पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी स्नातक वोटों पर भी जोरदार चर्चा की गयी। दोनों पदा. धिकारियों ने दिनेश कुमार गोयल को गर्म शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

# वीर बाल दिवसः आर्य समाज में वीर साहिबजादों को किया नमन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** वीर बाल दिवस सप्ताह के अंतर्गत आर्य समाज शिवपुरी में सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी एवं उनके चारों साहिबजादों के अद्भुत बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने साहिबजादों के त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्येंद्र आर्य, अध्यक्ष जिला आर्य समाज मुजफ्फरनगर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों ने धर्म और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने बताया कि छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहिंद के नवाब द्वारा इस्लाम स्वीकार न करने पर दीवार में जिंदा चिनवा दिया गया। इस दौरान फतेह सिंह ने निर्भीक होकर अपने बड़े भाई से कहा कि यदि आंखों में आंसू हैं तो क्या आप मृत्यु से डर रहे हैं। इस पर जोरावर सिंह ने उत्तर दिया कि वे मृत्यु से नहीं,



बल्कि इस बात से दुखी हैं कि संसार में पहले जन्म लेने के बावजूद बलिदान पहले छोटे भाई का हो रहा है।

सत्येंद्र आर्य ने कहा कि भारत भूमि ने अनेक वीर बालकों को जन्म दिया है, जिन्होंने देश और धर्म के लिए अपने प्राण अर्पित किए। इनमें हकीकत राय जैसे वीर बालक भी शामिल हैं, जिनका बलिदान आज भी प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जगदीश ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने देशभर से पांच वीरों का चयन कर खालसा पंथ की स्थापना की और उन्हें वीर वेश धारण कर हिंदू समाज की रक्षा का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर निरोक्षा इसरो और दक्षिता ने देशभक्ति व वीरता से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में भगवान सिंह, आजेश आर्य, रामानंद आर्य, मास्टर जयपाल सिंह, धीर सिंह आर्य, सुशील आर्य, रण सिंह आर्य, चरण सिंह आर्य, शोभाराम आर्य, शशि पाल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# कोतवाल ने 2 दिन में लगाया शरारती तत्वों का पता

## माहौल खराब करने को पोस्टर में लगाई थी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दो दिन पूर्व गांव नगवा में भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव आंबेडकर के पोस्टर को जलाने की हुई घटना का खुलासा बुढाना कोतवाल ने दो दिन के भीतर कर दिया। गांव के ही 2 युवकों ने माहौल खराब करने के उद्देश्य से ही इस घटना को अंजाम दिया था लेकिन बुढ़ाना पुलिस की सजगता के चलते दोनों आरोपी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा में दो दिन पूर्व ही गांव की एक दीवार पर लगे डाक्टर आंबेडकर के पोस्टर को आग लगा दी गयी थी। जिसको लेकर दलित और मुस्लिम समाज में भारी रोष फैल गया था।

इससे पहले कोई बड़ा हंगामा होता तब मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने भीड़ का नेतृत्व कर रहे भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी और बुढ़ाना नगर अध्यक्ष अनुज जाटव से घटना के खुलासे के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था लेकिन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री की काबिल टीम ने एक सप्ताह की बात तो दूर कुल 48 घंटे में ही उक्त घटना का खुलासा कर दो युवको को पकड़कर पूरी घटना का पटाक्षेप कर दिया। दोनों के नाम गांव नगवा निवासीगण अंकुश और मिंटू बताए गये हैं। दोनो आरोपी गांव का माहौल खराब करना चाहते थे लेकिन बुढ़ाना पुलिस ने दोनों युवकों की योजना को विफल करते हुए दोनों को जेल भेज दिया। उधर इस घटना के सही खुलासे की सूचना पर भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और बुढ़ाना कोतवाल के साथ साथ क्राइम इंस्पेक्टर और बायवाला चौकी प्रभारी रणवीर सिंह का आभार जताया। इस दौरान भीम आर्मी जिला प्रभारी संतलाल सागर, तहसील संयोजक अन्नू मसीह, नगर अध्यक्ष अनुज जाटव, नगर उपाध्यक्ष राकेश जाटव, बुढ़ाना विधानसभा उपाध्यक्ष रिजवान अब्बासी, विधानसभा उपाध्यक्ष सिकन्दर और विधानसभा उपाध्यक्ष बिट्टू जेपी सहित गांव नगवा के दलित समाज के लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोचर भूमि पर अवैध कब्जाधरियों में हड़कंप, मकान पर चला बुल्डोजर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव बसी चुधियारी में गोचर की भूमि पर अवैध कब्जा धारकों के मकान पर प्रशासन का बुलडोजर चल गया उक्त भूमि पर अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय से बेदखली तथा जुर्माना भी किए गए थे लेकिन अवैध कब्जे नहीं हटाए गए मंगलवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम व पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटवाया तथा अवैध कब्जा धारियो को 15 दिन के अंदर कब्जा छोड़ने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध कब्जा धारियो में हडकम्प मचा है। गांव बसी चुधियारी में खसरा नंबर 668 रकबा करीब 52 बीघे गोचर की भूमि अभिलेखों में दर्ज है ग्रामीणो ने बताया कि उक्त भूमि पर सन 1994 में तत्कालीन ग्राम प्रधान छम्मो पत्नी इरशाद द्वारा 30 साल के लिए वृक्षारोपण के पट्टे हेतु आवंटन किया गया था जिसमें आवंटन 42 लोगों को हुआ था लेकिन 21 लोगों का आवंटन रद्द हो गया बाकी लोगों को आवंटन माना गया लेकिन बाद में इसके विरोध में ग्राम प्रधान फरहत पत्नी अब्दुल्ला ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की इसके बाद अवैध कब्जा धारियो के खिलाफ तहसीलदार न्यायालय में धारा 67 के तहत बेदखली तथा जुर्माने की कार्रवाई की गई तथा 2018 में अवैध कब्जे भी हटवाया गए लेकिन बाद में फिर अवैध कब्जा किया गया अब एक बार फिर ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत की गई इसके बाद प्रशासन ने तहसीलदार ललिता चौधरी व राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कच्चे निर्माण को हटा दिया गया तथा पक्के निर्माण को हटाने के लिए 15 दिन का समय अवैध कब्जाधारियो को दिया है उसके बाद फिर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बता दे कि भूमि पर सरकारी योजना से भी पक्के मकान बने हुए हैं करीब 10 पक्के मकान प्रधानमंत्री आवास इंदिरा आवास तथा शौचालय भी बने हैं तथा ग्राम पंचायत द्वारा खरंजा कार्य तथा बिजली के खंभे आदि लाइन भी खींची हुई है। इस संबंध में तहसीलदार ललिता चौधरी ने बताया कि गोचर की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है तहसीलदार न्यायालय से बेदखली व जुर्माना भी हो चुका है पहले भी कई बार अवैध कब्जा हटवाया गया है लेकिन बार-बार अवैध कब्जा किया जा रहा है अवैध कच्ची निर्माण को हटवाया गया है तथा पक्के निर्माण को हटवाने के लिए 15 दिन का समय अवैध कब्जा धारकों को दिया गया है अन्यथा फिर कार्रवाई की जाएगी भूमि पर बने सरकारी योजना से आवास एवं शौचालय के संबंध में भी जांच की जाएगी।

# सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल एमएलसी से मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल से मिला और उन्हें अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद शामली में आउटसोर्सिंग के तहत लगे सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगाए गए सफाई कर्मचारियों से एक से डेढ़ लाख रूपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। आरोप लगाया कि जब यूनियन द्वारा इस संबंध में ईओ एवं पालिका अध्यक्ष से जानकारी मांगी जाती है, तो वे स्पष्ट जवाब देने के बजाय बात को टालते रहते हैं और अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं। यूनियन ने ज्ञापन में कहा कि शामली शहर का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उसके अनुपात में सफाई कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है।

मांग की गई कि नियमों के अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगभग 100 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, जिससे जहां एक ओर सफाई व्यवस्था सु.ढ़ होगी, वहीं बेरोजगार युवाओं को रोजगार भी मिल सकेगा। इसके साथ ही यूनियन ने वर्ष 2006 में नगर निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई।

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रेणी में दिखाए जाने पर आपत्ति जताते हुए उन्हें कुशल या अर्धकुशल श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग की गई। साथ ही वर्ष 2005 से पूर्व नगर निकायों में कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने तथा वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महासचिव अश्वनी तेश्वर, देवेंद्र कुमार बिडला, देवेंद्र कुमार ढीगान, जितेंद्र टांक, दीपक चंद्रा, देवानंद ठेकेदार, प्रमोद कुमार कंडेरा, सचिन कुमार तेश्वर मौजूद रहे।

## एक नजर

### नव वर्ष पर पर हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस की होगी सख्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नव वर्ष के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रांगण में पुलिसकर्मियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नए साल पर हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ लोग वाहन चलाते समय गाड़ी के बाहर निकलकर वीडियो व फोटोग्राफी करते हैं, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए विभागीय निर्देशों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि नए साल के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी, लापरवाही या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोष्ठी के दौरान थाना परिसर में में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि नववर्ष के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

# भूमि मुआवजे को लेकर एसडीएम से मिले किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कारागार के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के मुआवजे को लेकर हाईकोर्ट में अपील करने वाले किसान मंगलवार को एडीएम से मिले। किसानों ने अपना पक्ष रखते हुए सर्किल रेट में अनियमितता का आरोप लगाया और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

मंगलवार को एडीएम सत्एन्द्र सिंह को मिले किसानों ने बताया कि उन्हें उनकी भूमि का भुगतान पुराने सर्किल रेट 70 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से किया गया है, जबकि जब जिला कारागार के लिए भूमि अधिग्रहण का नोटिफिकेशन जारी हुआ था, उस समय सर्किल रेट 80 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित था। किसानों का आरोप है कि जिला प्रशासन ने मनमानी करते हुए पुराने सर्किल रेट के आधार पर ही भुगतान किया, जिसका वे समय-समय पर विरोध करते आ रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि इसी कारण कुछ किसानों ने अपनी भूमि जिला कारागार के लिए देने से मना कर दिया था।

इसके बाद किसानों ने मजबूर होकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के नियमों के अनुसार भुगतान किया जाए। किसानों ने सर्किल रेट के अंतर और भुगतान में हुई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया। एडीएम ने किसानों की बात को ध्यानपूर्वक सुना और मामले में उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अमन सिंह, रामपाल, राजपाल, विद्याराम, नवीन, अरविन्द, विकास, प्रवीन, रोहित आदि मौजूद रहे।

# नाले की समस्या को डीएम से मिले लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के नगर के दयानंद नगर स्थित कौशाम्बी विहार मोहल्ले में गंदे नाले की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए नाले को खुलवाए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि अधूरा बना नाला पूरी तरह गंदगी से भर चुका है, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है और आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

शिकायत में बताया गया कि उक्त समस्या से पूर्व में भी जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। जिसमें डीएम द्वारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को दो दिन के भीतर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर मजबूरन मोहल्ले के लोगों ने लगभग 20-25 दिन पूर्व स्वयं ही नाले को बंद कर दिया था, ताकि गंदा पानी सड़क पर न फैले। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि अब कुछ लोग जबरन उक्त नाले को खुलवाने का दबाव बना रहे हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

लोगों ने आशंका जताई कि यदि नाला जबरन खोला गया तो स्थिति बिगड़ सकती है। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि या तो उक्त नाले का पूर्ण नवनिर्माण कराकर गंदे पानी की उचित निकासी कराई जाए, अथवा जनहित को देखते हुए नाले को बंद ही रखा जाए। इस अवसर पर विकास कुमार, मयंक, रूबी, विक्की, ओमकार, सुभाष, रामशरण आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्मीपुरा के जंगल से सरकारी ट्रांसफार्मर चोरी ,अधिकारियों ने दी पुलिस को तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा में नीजि नलकूप पर लगे 63 किलोवाट के ट्रांसफार्मर को बदमाशो ने चोरी कर लिया। सुबह होने पर किसानों को चोरी की जानकारी मिली। बताया गया है कि चोरी हुए ट्रांसफार्मर से 6-7 किसानों को आपूर्ति मिलती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में धर्मपाल पुत्र फूल सिंह के खेत मे 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर परिर्वतक लगा है ।जिससे आधा दर्जन किसानो को फसलो की सिंचाई के लिए आपूर्ति मिलती है। जहॉ बीते तीन दिन पूर्व बदमाशो ने ऑयल को चोरी कर लिया था। जिस पर विद्युत विभाग की टीम ने किसानो की शिकायत पर समस्या को दुरूस्त कर लिया था। बीती रात्रि बदमाशों ने ट्रांसफार्मर को ही चोरी कर लिया। किसान मंगलवार की सुबह को खेतो मे पहुँचें तो मामले की जानकारी हुई। इसके बाद किसानों ने विद्युत विभाग के जेई अकबर आजम को इसकी शिकायत की। जेई ने निरीक्षण के बाद पुलिस को मामले की शिकायत कर मुकदमा लिखाने की मांग की है।

### आवारा कुत्ते के हमले से दस वर्षीय बालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को मोहल्ला खेल निवासी एक दस वर्षीय बालक पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज का टीका लगाया और आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी दस वर्षीय शान अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बालक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल बालक के भाई आसिफ डंडा लेकर दौड़ा और कुत्ते को भगाया। इसके बाद परिजन घायल बालक को तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।नगर व क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ए जानवर लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से आवारा जानवरों पर जल्द नियंत्रण किए जाने की मांग की है।

### बहला-फुसलाकर ट्रैक्टर सस्ते दाम में लेने और गायब करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक युवक ने गांव के कुछ लोगों पर उसके पिता को बहला-फुसलाकर नशे का सेवन कराने और उनका ट्रैक्टर सस्ते दामों में खरीदकर कहीं गायब कर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने ट्रैक्टर की बरामदगी कराए जाने की मांग की है।मंगलवार को गांव गढ़ी दौलत निवासी साहिल पुत्र राशिद ने बताया कि गांव के तीन लोगों ने उसके पिता को अपने प्रभाव में लेकर पहले नशे का सेवन कराया। इसके बाद आरोपियों ने उसके स्वराज ट्रैक्टर को बेहद कम कीमत में खरीद लिया और उसे कहीं छिपा दिया। आरोप है कि इस पूरे मामले में उसके पिता की हालत का गलत फायदा उठाया गया।पीड़ित का कहना है कि उसने इस संबंध में स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर ट्रैक्टर बरामद कराने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पति व ससुर की गिरफ्तारी ना होने पर बेटे ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता के पुत्र ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।मंगलवार को गांव डून्डूखेड़ा निवासी सरवन ने बताया कि बीती 27 नवंबर को घरेलू विवाद के चलते उसके दादा सीताराम और पिता सतीश ने उसकी माता ममता पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। पीड़िता का वहां उपचार लगातार जारी है।पीड़ित का आरोप है कि घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, जबकि दोनों आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं उसकी मां की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने जनपद के उच्च अधिकारियों सहित थाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को सघन चेकिंग अभियान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सघन एवं प्रभावी प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बाईक चालकों ने हाथों में पंपलेट लेकर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात निरीक्षण लालविराट भारद्वाज ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन विकसित करना, सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित व जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके। यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों के आसपास, पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट ईंधन न दिए जाने संबंधी शासन के निर्देशों की जानकारी दी गई और इसके शत-प्रतिशत अनुपालन की अपील की गई। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित चेकिंग अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### पीएनबी के बाहर से युवक की साइकिल चोरी, थाने में दी तहरीर



**कांधला।** देहात क्षेत्र के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी शाद ने बताया कि वह मंगलवार को अपने बैंक खाते में आधार लिंक कराने के लिए कस्बे स्थित पंजाब नेशनल बैंक आया था। उसने अपनी साइकिल बैंक के बाहर खड़ी कर दी थी। आधार लिंक की प्रक्रिया पूरी कर जब वह बाहर आया तो उसकी साइकिल मौके से गायब मिली।पीड़ित का आरोप है कि किसी चोर ने मौका पाकर उसकी साइकिल चोरी कर ली। काफी तलाश के बाद भी साइकिल का कोई सुराग नहीं लग सका।

# एकादशी पर श्याम भक्तों की पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एकादशी के पावन अवसर पर कस्बा झिंझाना में श्याम भक्तों की गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक हाथ से रथ खींचते हुए शामली स्थित नवनिर्मित बाबा खाटू श्याम मंदिर तक पदयात्रा की और वहां विधि-विधान से निशान चढ़ाया।

मंगलवार दोपहर बाद श्याम भक्त भजन-कीर्तन करते, नाचते-गाते झिंझाना से शामली के लिए पैदल चले। पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण रहा और श्जय श्यामश के जयकारों से आसमान गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस यात्रा में आशु शर्मा, बॉबी शर्मा, अमित शर्मा, सुशील बिंदल, राहुल कश्यप, उत्तम सैनी, राहुल गोयल, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल रहे। विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। भक्त बॉबी शर्मा ने कहा कि एकादशी के दिन बाबा खाटू श्याम के दर्शन व निशान चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस शांतिपूर्ण यात्रा से क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द व भाईचारे का संदेश भी मिला।

# कोहरे में डिवाइडर से टकराकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिडौली।** सोमवार की रात घने कोहरे के चलते मेरठ.करनाल हाईवे पर अहमदगढ़ ओवरब्रिज के पास एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चालक सड़क पर गिर पड़ा। घायल की पहचान इंतजार पुत्र सगीर (उम्र लगभग 25 वर्ष) निवासी ग्राम फतेहपुर थाना झिंझाना के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसे के समय युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिस कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा झिंझाना स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए परिजनों को भी सूचित कर दी है।

# अभियान चला सड़क पर रखा सामान किया जब्त

## निगम ने दो दर्जनभर दुकानदारों से वसूला जुर्माना, बाइक मार्किट में 40 से ज्यादा वाहनों के काटे चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज दूसरे दिन भी अपना अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखा। ट्रैफिक पुलिस एवं कोतवाली पुलिस की मदद से नगर निगम द्वारा घण्टाघर से जामा मस्जिद व सब्जी मण्डी पुल तक तथा घण्टाघर से अम्बाला रोड स्थित फायर ब्रिगेड तक अभियान चलाया। इस दौरान टायर, जालियां, रेहड़ी, काउण्टर व बैंच आदि सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया और करीब दो दर्जन दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। पुल जोगियान के निकट लगने वाली बाइक मार्केट में 40 से ज्यादा स्कूटी व बाइक के भी चालान किये गए।



अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस व प्रवर्तन दल की टीम सहित निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जैसे ही घण्टाघर से भगतसिंह मार्ग व जामा मस्जिद क्षेत्र की ओर बढ़ा अतिक्रमणकारी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अनेक दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों के भीतर फेंक दिया और दुकानें बंद कर दी। आज के अभियान में सब्जी मण्डी पुल के पास सड़क पर दूर तक फल व सब्जी की पेटियां और टोकरे फैलाकर बैठे दुकानदारों के भी चालान किये गए।

अनेक दुकानदारों ने दुकानों के साइड में जालियां लगाकर फुटपाथ व सडक पर अवैध कब्जा कर रखा था, करीब एक दर्जन दुकानों से ऐसी सब जालियां उखाड़कर जब्त की गयी। इसके अलावा चार काउण्टर, स्कूटर-बाइक के 20 टायर, पांच ठेलियां, 06 लोहे की बैंच, आदि सामान जब्त कर निगम लाया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पुल जोगियान के निकट अवैध रुप से सड़क पर संचालित बाइक मार्केट में खड़ी 41 स्कूटी व बाइक के भी चालान किये गए। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि दो दर्जन से अधिक दुकानदारों से करीब 27 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। अभियान के दौरान नगर के बाजार व सडकों पर हडकम्प की स्थिति रही।

# वाहन चालकों को बताई हेलमेट की महत्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सड़क सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक और जीवन रक्षक संदेश देने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर व बाहरी क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व से अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने वाहन चालकों से संवाद करते हुए बताया कि हेलमेट सिर्फ एक नियम नहीं बल्कि परिवार की खुशियों और भविष्य की सुरक्षा की गारंटी है। कोतवाल कहा कि एक छोटी सी सावधानी किसी मां की ममता किसी पत्नी के सुहाग तथा बच्चों के सिर से पिता का साया बचा सकती है।

इसी सोच के साथ लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अभियान के तहत पेट्रोल पंप संचालकों को भी सहभागी बनाते हुए निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट किसी भी दोपहिया वाहन को पेट्रोल न दिया जाए। उनका का कहना था कि इस पहल का उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि जीवन बचाना व समाज में सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करना है।

कोतवाल ने भरोसा जताया कि जनसहयोग से अभियान एक जनआंदोलन बनेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# छुटमलपुर बोर्ड बैठक में सभासदों का बहिष्कार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में मंगलवार को 9 महीने बाद बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई, लेकिन अधिकांश सभासदों ने इसका बहिष्कार कर दिया अंतिम बोर्ड मीटिंग मार्च 2025 में हुई थी, उसके बाद से कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी।

सभासदों का आरोप है कि उनके द्वारा उठाए गए विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है मीटिंग में कुल 12 सभासद अनुपस्थित रहे बहिष्कार करने वाले सभासदों में रजत राणा विकास तोमर, ममता शर्मा डाक्टर किरण पाल राणा प्रियंका काम्बोज अंकुर सैनी, रेशमा, दिलजहां,सरेशो आशिष धीमान आदिल अल्वी नवाब अंसारी शामिल हैं सभासदों का कहना है कि बार बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था सड़क निर्माण नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जनता की समस्याओं की अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता से क्षुब्ध होकर उन्होंने बैठक में हिस्सा नहीं लिया बहिष्कार की वजह से बैठक औपचारिकता मात्र रह गई।

सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आगे और कड़ा आंदोलन किया जाएगा। मोहल्लेवासियों ने भी सभासदों के इस कदम का समर्थन किया है और नगर पंचायत प्रशासन से पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग की है।

# कान्हा गौशाला में की गयी गौमाता की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव नारायणपुर में पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर स्थित कान्हा गौशाला में गौ माता की सेवा का आयोजन किया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर गौ माता को चना, शक्कर, तिल, चौकर व गाजर का भोग लगाया। गौ सेवक अनिल सैनी ने बताया कि पुत्रदा एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। यह व्रत संतान की दीर्घायु, सुरक्षा और सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से इस व्रत को रखने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। तथा संतान के जीवन से सभी बाधाएं दूर होती हैं। इस कार्यक्रम में गौ सेवा को धार्मिक आस्था के साथ साथ सामाजिक दायित्व बताते हुए लोगों से ऐसे पुण्य कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

# मस्जिद जाने वाले रास्ते पर फैला गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के कमलपुर रोड से प्राथमिक विद्यालय कन्या पाठशाला और मदीना मस्जिद जाने वाले रास्ते पर महीनों से गंदगी का ढेर लगा हुआ है। टूटी नालियों से निकला गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है, जिससे पूरा इलाका कीचड़ और दुर्गंध से घिरा रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले सैकड़ों बच्चों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है।

हर रोज बच्चे जूते मोजे गंदे करके कीचड़ में फिसलते हुए स्कूल पहुंचते हैं। कई बच्चे बीमार भी पड़ चुके हैं बारिश होने पर हालात और बदतर हो जाते हैं। शाम ढलते ही मच्छरों का आतंक इतना बढ़ जाता है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है मोहल्लेवासियों गुलफाम हुसैन अबरार कुरैशी मोहम्मद वसीम,



मुकर्रम राव गुलजार कारी शादाकत मुजम्मिल सालिश, सरवेज मलिक जाबिर रिजवान मलिक दिलशाद मलिक मोहम्मद अहमद अंसारी और मोहम्मद हसीब पुर्व चौयरमेन प्रत्याशी ने बताया कि उन्होंने चेयरमैन को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें कीं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई चुनाव के समय रोज आती थी विकास की बातें करने अब महीनों से चेयरमैन दिखाई नहीं दे रही हैं।

मोहम्मद हसीब मलिक ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में नालियां साफ नहीं की गईं और गंदगी नहीं हटाई गई तो बच्चे और मोहल्लेवासी मिलकर धरना देंगे और रास्ता जाम करेंगे। लोगों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि रास्ते पर तुरंत सफाई अभियान चलवाया जाए और चेयरमैन की लापरवाही की जांच हो। अबरार कुरेशी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के बोर्ड तो लगे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है।

# जियो नेटवर्क न होने से उपभोक्ता हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में लगे जियो टावर की समयावधि पूरी होने पर कम्पनी द्वारा टावर में लगे उपकरण उखाड लिये गये हैं। नगर में जियो नैटवर्क न होने से जियो उपभोक्ता अनेक परेशानियों से जूझ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नगर स्थित जियो टावर की समयावधि पूरी हो जाने पर कम्पनी द्वारा नगर से टावर बन्द कर सभी उपकरण उखाड लिये गये हैं। लगभग दो सप्ताह से जियो टावर बन्द पडा होने के कारण उपभोक्ता नेटवर्क समस्या, धीमी इंटरनेट स्पीड, और कॉल ड्रॉप जैसी परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ऑनलाइन काम, पढ़ाई और दैनिक संचार में दिक्कतें आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि नगर के प्रसिद्ध डॉक्टर बंगाली द्वारा सन् 2002 में बीस वर्षों के लिए अपनी जमीन लीज पर देकर जियो टावर लगवाया गया था, जिसकी समयावधि सन् 2022 में पूरी हो चुकी थी। अब डॉ. बंगाली की मौत के बाद परिजनों द्वारा अपनी जमीन खाली करा ली गयी है।

इस टावर के बन्द होने के कारण नगर व आसपास के लगभग तीन हजार उपभोक्ताओं को दिक्कतें आ रही हैं। जिनमें से कुछ लोग अपनी जियो सिम को पोर्ट कराकर अन्य कम्पनियों से जुड गये हैं, तो वहीं कुछ लोग सिम पोर्ट कराने पर विचार कर रहे हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लें: विमल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मंगलवार को भाजपाइयों द्वारा नजर में अटल स्मृति सम्मेलन व एस आई आर पर द्वितीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें भाजपाइयों ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए पार्टी और उसकी नीतियो को आगे बढ़ाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी के फार्म हॉउस पर अटल स्मृति सम्मेलन व एस आई आर पर आयोजित द्वितीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व मेरठ जिला कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन विमल शर्मा ने कहा कि अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए ।कार्यकर्ता पार्टी की नीति और रीति




को आगे बढ़ाने का काम करें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मेलाराम पंवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के संबंध में अपने संस्मरण सुनाए। भाजपा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सैनी ने गहन पुन:रीक्षण अभियान के बारे में समीक्षा की तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि अटल जी का जीवन अनुकरणीय है।

भाजपा नेता अभय राणा ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जैसे नेता विरले ही पैदा होते हैं। कार्यक्रम को मुख्य रूप से भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर, साढोली कदीम के ब्लॉक प्रमुख चौधरी विश्वास, जिला पंचायत सदस्य रामकिशन उर्फ रामू चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा सचिन गर्ग हंसराज गौतम,अनिल सिंघल,राकेश गाबा आदि नेताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में , दुबे सिंह कम्बोज, मंजू शर्मा, अमित सैन, विजेंद्र सैनी, श्रीपाल शर्मा, अमन कौशिक, मुकेश चौहान, रजनीश राणा, तेजबीर सिंह, लोकेश त्यागी, सुशील काम्बोज, बाबूराम राठौर, अशोक शर्मा आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी ने किया।

# कमरे का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी

**तीतरों।** चोरों ने रात के समय कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपए के आभूषण चुरा लिए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है।

कस्बे के मोहल्ला कानून गोयन में फौजी सुरेश पाल का मकान है। सुरेश पाल आर्मी मेडिकल कोर में नौकरी करते थे। कई साल पहले सुरेश पाल की मौत हो चुकी है। सुरेश पाल का बेटा राहुल पाल उत्तराखंड में जॉब करता है पत्नी बच्चों को लेकर रुड़की में रहती है। रात के समय चोरों ने कमरे के गेट का ताला तोड़कर उसके अंदर रखी लोहे की सेफ को निशाना बनाते हुए उसके अंदर रखे सोने के तीन ओम चार ग्राम, एक मंगलसूत्र 8 ग्राम, दो नाक में पहनने

**■ थाना तीतरो के मौहल्ला कानूनगोयान की घटना**

वाली लौंग, दो अंगूठी 6 ग्राम, एक मंगलसूत्र 3 ग्राम, दो जोड़ी कुंडल 6 ग्राम, चार जोड़ी पाजेब चांदी तथा दो अंगूठी चांदी आदि सहित अन्य सामान चुरा लिया। सुबह होने पर परिवार के लोगों ने जब कमरे का ताला टूटा हुआ देखा उन्होंने राहुल पाल को सूचना दी। राहुल पाल ने बताया कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। कमरे में लगी खिड़की को भी निशाना बनाया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है।

# नकुड में लोगों को तीन नई सड़कों की सौगात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा नगर में विभिन्न सड़कों का विधिवत उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी गई।

मंगलवार को। नगर के वार्ड 24 में तीन सड़कों के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर में जर्जर सड़कों के लिए अब कोई जगह नहीं है। विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि विकास और सफाई के मामले में नकुड़ को प्रदेश में अग्रणी स्थान पर लाना उनका संकल्प है। इसी उद्देश्य के तहत योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई दे रही हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि उनका लक्ष्य नगर का समग्र विकास है और प्रत्येक वार्ड में समान रूप से उच्च गुणवत्ता के कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी कार्यशैली योजनाओं की घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन पर आधारित है। नगरवासियों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण और मजबूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है। इस अवसर पर बुजुर्ग प्रीतम प्रसाद जैन, सभासद राव जीशान, हैदर अली, जुनैद असगर, आमिर आलम, पंकज जैन, इरशाद निजामी, मनोज गोयल, संदीप जैन, दिलदार खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 200 किलोमीटर साइकिल यात्रा करेंगे डा. अनिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** ग्रामीण क्षेत्रों मे जनस्वास्थ्य के प्रति बढ़ती समस्याओं को देखते हुए साइक्लोमेड फिट इंडिया के संस्थापक डा. अनिल नौसरान द्वारा 1 जनवरी को मेरठ से लेकर नागल तक 200 किलोमीटर की प्रेरणादायक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।



उक्त साइकिल यात्रा की जानकारी देते हुए डा नौसरान ने बताया कि यह यात्रा एक जनवरी को मेरठ से रात एक बजे प्रारंभ होगी और सुबह 6 बजे नागल तक आयेगी। नागल से पुन: मेरठ तक संपन्न होगी। इस साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती अस्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक निष्क्रियता एवं जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज गांवों सहित पूरे देश में स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका प्रमुख कारण शारीरिक गतिविधियों की कमी और गलत दिनचर्या है।

इस यात्रा के माध्यम से वे समाज को सक्रिय और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग को मोटीवेट करेंगे।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मंगलवार को स्थानीय बी आर सी पर ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे शैक्षिक स्तर को ऊंचा करने एंव शैक्षणिक कार्यों मे आने वाली समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान एवं विद्यालय परिवार मिलजुल कर कार्य करें जिससे विद्यालयों की भौतिक एंव शैक्षिक दशा में सुधार लाया जा सके। उन्होंने कहा जब ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शिक्षित होंगे तभी समाज का विकास संभव हो सकता है। कार्यक्रम में निपुण भारत, स्मार्ट क्लास, कायाकल्प, डीबीटी, शारदा कार्यक्रम, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान आदि सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इन योजनाओं को वास्तविक स्तर पर तभी लागू किया जा सकता है जब आपस मे समन्वय हो । कार्यक्रम को नीरज शर्मा, संजय चौधरी, अजय कुमार, सुरेंद्र सैनी, बिरमपाल प्रधान आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले अध्यापकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संचालन कृष्णपाल सैनी ने किया। इस अवसर पर इसरार , प्रमोद कुमार, वीरेंद्र चौधरी, नरेश शर्मा, अवधेश शर्मा, सुरेंद्र सैनी, सुनील चौधरी, शमीम अहमद, अनीता, सरोज, दीपमाला, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

# नलकूपों के ताले तोड़ की चोरी

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव पांडोली के जंगल में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने करीब दस किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए नलकूपों के ताले तोड़कर वहां लगे स्टार्टर, केबल, ऑपरेटर सहित अन्य बिजली संबधित उपकरण चोरी कर लिए।

मिली जानकारी के मुताबिक किसानों ने बताया कि गांव के नदीम, अकरम, लुकमान, शौकत, मंजूर, महबूब, मसूद, असलम, नौशाद और मुशर्रफ के नलकूपों के ताले तोड़कर बीती रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर किसानों में आक्रोश फैल गया और उन्होने घटना की सूचना पुलिस को दी ।सूचना मिलने पर प मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। चोरी की घटनाओ मे किसान अकरम की ओर से तहरीर दी गई है।

# सैकड़ों गरीब लोगों को बांटी रजाइयां



**बेहट।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि गरीबो व असहाय व मजलूमों कि सहायता करना मानवता कि सबसे बड़ी सेवा है। अत: हमे समय समय पर निर्धनों की सेवा करते हुए समाज सेवा में बढ़चढकर भागेदारी करनी चाहिए।

उक्त विचार नगर में वरिष्ठ युवा भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी के सयोजन में अपनी माता की याद में आयोजित रजाई व कंबल वितरण के दौरान व्यक्त किये गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब और बेसहारा लोगों के जीवन यापन करने के लिए अनेक योजनाऐं संचालित कर उनका लाभ देने का काम कर रही है। सरकार गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण एवं रैनबसेरो में ठहरने की व्यवस्थाएं कर रखी है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने आस पास गरीब लोगों की समय समय पर मदद करे।, कार्यक्रम में सैकड़ों असहाय लोगों को कंबल व रजाई वितरित किये गये।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी,भाजपा के वरिष्ठ नेता मेलाराम पवार,मुल्की राज सैनी, सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू, जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम,सुधीर कर्णवाल, मोनी कर्ण वाल,विजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की ऋण वितरण प्रगति समीक्षा

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय योजनाओं में ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऋण स्वीकृति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए सभी बैंक ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो राष्ट्रीय लक्ष्य से कम है, वे इसे शीघ्र सुधारें अन्यथा संबंधित बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन न करने वाले बैंकों की जानकारी एलडीएम द्वारा उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। श्री बंसल ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन), एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही फसल बीमा योजना से जुड़े ऋणों को 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऋण अस्वीकृत करते समय संतोषजनक कारण होना आवश्यक है, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों द्वारा दिए गए छोटे-छोटे ऋण आमजन की आर्थिक समृद्धि का आधार बनते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सभी बैंकों की जिम्मेदारी है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए जाएं तथा कृषि अवसंरचना निधि योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना (पीएलपी) 2026-27 का विमोचन किया। डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य जिले के प्राथमिकता क्षेत्र में पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराना है। एलडीएम क्रिशाणु दास ने आश्वस्त किया कि जिलाधिकारी के निर्देशों का सभी बैंक अक्षरश: पालन करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, आरबीआई प्रतिनिधि शरवन कुमार, डीडीएम नाबार्ड साद बिन अफरोज, उपायुक्त उद्योग सचिन जैन सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**❑ गंगोह।** कोतवाली अर्न्तगत गांव बुढ्ढाखेडा के जंगल में गोहत्या कर अवशेषों को खुर्द बुर्द करने की सूचना पर क्रान्ति सेना शिव सेना सदस्यों ने मौके पर जाकर जांच की। मौके पर अवशेष मिलने पर पुलिस को सुचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोवंश अवशेषो को दबवाया गया। पुलिस से कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की। कोतवाली प्रभारी को दी तहरीर में जिलाध्यक्ष नीरज रोहिल्ला ने पुलिस से कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। प्रदीप सैनी, नीरज भारती, पदम कश्यप, आशीष सैनी मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपाईयों ने देवबन्द विधानसभा के अटल स्मृति सम्मेलन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके कार्यो को बखान किया गया।

रणखंडी मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हाल में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अटल स्मृति सम्मेलन की जिला संयोजक कांता कर्दम ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विस्तृत रुप से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के प्रत्येक गांव को सड़कों के माध्यम से शहरो से जोड़कर विकास का जो खाका खींचा एवं स्वर्ण चतुर्भुज सड़क परियोजना एवं अन्य असंख्य योजनाएं गांव गरीब मजदूर किसान को विकास से जोड़ने के लिए बनाई वह अतुल्नीय है।



लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के सर्वमान्य नेता थे जिन्हें अन्य सभी राजनीतिक विपक्षी के दलों के नेता भी उनका सम्मान करते थे। जिला प्रभारी डॉ. डीके शर्मा जी ने अटल बिहारी वाजपेयी एक महान कवि, कानून विद् एवं प्रखर वक्ता थे।

इस मौके पर ब्लॉक क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य शिवराज सिंह रोड, ब्लॉक प्रमुख पति विजय त्यागी, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, जिला मंत्री विपिन भारतीय, गन्ना समिति के अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र सिंह, अरुण गुप्ता, सोनित कश्यप, रविंद्र राणा, राहुल आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चोरों ने मस्जिद की दानपेटी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात चोरों ने दुकान पर रखी मस्जिद की दानपेटी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई कर चारी की घटना का खुलासा किये जाने की मांग की है।

मोहल्ला शाहजीलाल निवासी शाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा हैं कि मस्जिद के चंदे के लिए रखी गई दानपेटी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का आरोप लगाया है। शाहिद का आरोप है कि यह पहला मौका नहीं हैं एक माह के भीतर चोर दूसरी बार दुकान पर रखी दानपेटी चोरी करके ले गए। इसमें दान के हजारों रुपये रखे थे। दुकान स्वामी ने दी तहरीर में पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# क्रियाक्रम कर समाज की छवि धूमिल करने का सैनी समाज ने लगाया आरोप

**देवबन्द।** कोहला बस्ती निवासी अजय सैनी की मृत्यु के बाद मुहल्ले के ही सभासद के पुत्र ने उनका क्रियाक्रम कराने का दावा करते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसा. रित होने पर सैनी समाज ने आपत्ति जताते हुए सभासद पुत्र पर सैनी समाज की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली पहुंचे सभासद कुलदीप सैनी ने बताया कि दो दिन पूर्व कोहला बस्ती निवासी अजय सैनी की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले दूसरे संप्रदाय के सभासद पुत्र गुलफाम द्वारा इंटरनेट मीडिया पर अर्थी बनाने से लेकर अंतिम संस्कार तक की कुछ वीडियो प्रसारित की गई और यह दर्शाया कि उन्होंने ही अंतिम संस्कार और उसमें आने वाला समस्त खर्च वहन किया है। जबकि सैनी समाज ने ही मृतक का क्रियाक्रम किया था। सभासद पुत्र के इस कार्य से सैनी समाज की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने सभासद पुत्र के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मृतक की पत्नी रजनी, राकेश सैनी, बबलू सैनी, सचिन सैनी, विनोद सैनी, दीपक सैनी, सोनू सैनी और सुमित सैनी आदि मौजूद रहे। उधर, कोहला बस्ती निवासी सभासद पुत्र गुलफाम अंसारी का दावा है कि अजय सैनी का अकेला परिवार ही मुहल्ले में रहता है, ऐसे में उन्होंने क्रियाक्रम आदि में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी की थी। वहीं, इसी मामले में गुलफाम ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर एक महिला समेत कई लोगों पर रंजिशन धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा का कहना है कि दोनों ओर से तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है।




# खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत मेपल्स एकेडमी में विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विधान सभा क्षेत्र से आए खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। लोक निर्माण विभा राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करते हुए खिलाडियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देवबंद विधानसभा का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

मेपल्स एकेडमी में चल रही दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के सब-जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्राची, राधा व अनु और 800 मीटर दौड़ में रिया, तनिष्का जायसवाल एवं राधा ने अपने अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में पूनम ने प्रथम, अदिति जायसवाल ने द्वितीय एवं अंशु ने तृतीय, 400 मीटर दौड़ में निशा प्रथम, साक्षी द्वितीय एवं आशा तृतीय और 800 मीटर दौड़ में निशा ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय एवं अदिति जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग कबड्डी में बढेड़ी की बालिकाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सब जूनियर बैडमिंटन में स्वर्णिमा, मिष्टी, रिया व माही और सीनियर अंडर-16 में अविनाश कौर प्रथम स्थान पर रहीं। जूनियर अंडर 16 बालिका वर्ग वालीबाल में अदिति जायसवाल, साक्षी, तेजस्वी राणा व पूनम की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। रेसलिंग में शगुन, साक्षी व लक्की तथा बैडमिंटन में अंशु व अवनी शर्मा ने बाजी मारी। लांग जंप में पूनम ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय एवं साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सब-जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में आयुष प्रथम, सूरज सिंह द्वितीय एवं भानु प्रताप तृतीय रहे। जबकि 800 मीटर दौड़ में लक्की राणा, भानु प्रताप व रोहन अव्वल रहे। लांग जंप में कन्हैया सैनी प्रथम, अंश द्वितीय एवं हनी सैनी तृतीय रहे। जूनियर वर्ग कबड्डी में मिरगपुर ने प्रथम, चांदपुर मजबता ने द्वितीय और वालीबाल में नन्हेडा आसा ने प्रथम व चंदेना कोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आदित्य, आकाश व आर्यन, 200 मीटर में आकाश, आर्य एवं तरुण तथा 400 मीटर दौड़ में तरुण, निखिल व रितिक ने बाजी मारी। 1500 मीटर दौड़ में राहुल, निखिल व रितिक विजयी रहे। जूनियर वर्ग में लांग जंप में आकाश, अमित व रेशव ने शानदार प्रदर्शन किया।






# मुकेश राणा बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष

**देवबन्द।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मुकेश राणा को जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा पर हुए एक कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह व प्रदेश महामंत्री यशपाल सिंह ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश राणा ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का काम किया जाएगा। बताया कि वह युवाओं में शिक्षा के प्रति लगाव पैदा करना एवं नशे की प्रवृति से उन्हें दूर रहने, मृत्युभोज व शादी विवाह में अनावश्यक खर्च तथा समाज को राजनीतिक रूप से मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे। डा. सुखपाल सिंह व डा. बीपी सिंह ने कहा कि मुकेश राणा बेहद कर्मठ व्यक्ति है। उन्होंने मनोनयन के लिए संगठन के उच्च नेतृत्व का आभार जताया। अमित पुंडीर, पवन सिंह राणा, दिनेश राणा, नीरज चौहान व डा. विक्रम सिंह पुंडीर आदि ने मनोनयन पर हर्ष जताया है।



# जमीयत ने की बांग्लादेश की घटना की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बांग्लादेश की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भीड़ हिंसा में किसी को बेरहमी से मार देना केवल एक हत्या नहीं बल्कि क्रूरता की पराकाष्ठा है। लेकिन अफसोस की बात है कि बांग्लादेश की घटना पर चर्चा और देश में हो रही मॉबलिंचिंग पर चुप्पी साध लेना यह दोहरा मापदंड है।

मौलाना अरशद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ बहुत बुरा हुआ, इस्लाम इसकी कदापि अनुमति नहीं देता। जिन लोगों ने ऐसा किया है उन्होंने इस्लामी शिक्षा का उल्लंघन ही नहीं किया बल्कि इस्लाम को बदनाम करने का काम किया है। ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मौलाना मदनी ने कहा कि राजनीति को चमकाने और सत्ता प्राप्त करने के लिए कुछ लोग धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे धार्मिक कट्टरता में खतरनाक हद तक बढ़ोतरी हो रहा है। इसकी वजह से अल्पसंख्यक जहां भी हैं खुद को असुरक्षित समझने लगे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के अवसर पर ईसाइयों के साथ अराजक तत्वों ने जो कुछ किया उसे भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह एक तरह से संविधान में नागरिकों को दी गई धार्मिक आजादी पर हमला है। कहा कि दुख की बात है कि जगह-जगह चर्चों पर हमले हुए ईसाइयों को अपना त्योहार मनाने से रोकने का प्रयास किया गया, मगर इन घटनाओं की न तो सरकार ने निंदा की और न ही उनके मंत्रीमंडल के किसी साथी ने इस पर कोई बयान दिया। इस दोहरे मापदंड को क्या नाम दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जो कुछ भी हो रहा है बांग्लादेश, अपने देश में हो या फिर किसी अन्य देश में इसके पीछे धार्मिक कट्टरता की ही मूल भूमिका है। मदनी ने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रही है उसकी चौतरफा निंदा हो रही है, लेकिन इसका दूसरा दुखद पहलू यह है कि बिहार और छत्तीसगढ़ समेत जब देश के अंदर इस प्रकार की घटनाएं होती हैं तो फिर यही लोग अपना मुंह बंद कर लेते हैं। मॉबलिंचिंग करके जब किसी निर्दोष को मौत के घाट उतार दिया जाता है तो पक्षपाती मीडिया चुप्पी साध लेती है। उस वक्त हमारी मानवता कहां चली जाती है।

# कोहरे में शुगर मिल की सराहनीय पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल ने घने को. हरे को ध्यान में रखते हुए अपने श्रमिकों, कर्मचारियों जो केन कैरियर, केन यॉर्ड, बगास तथा सड़क सुरक्षा के लिए कार्य करते हैं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अहम कदम उठाया है। इसके तहत सभी श्रमिकों, कर्मचारियों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट दिया गया है ताकि वह दिन या रात में कार्य करते समय रिफ्लेक्टिव बेल्ट को पहने और ड्यूटी के बाद साइकिल या मोटरसाइकिल पर अपने घर जाते समय घने कोहरे के दौरान लाइट पड़ने पर आने वाले वाहनों की दृष्टि उन पर पड़ सके, ताकि वे दुर्घटना का शिकार ना हो सके।

इसी अनुक्रम में शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता एवं डिस्टलरी में कार्यरत सहायक आबकारी आयुक्त, अभय गंगवार के द्वारा कल सायं शुगर मिल गेट पर स्थित टीपीएम पॉइंट पर श्रमिकों, कर्मचारियों को सेफ्टी बेल्ट प्रदान किया गया। अभय शर्मा, इंजीनियरिंग हेड के द्वारा सेफ्टी बेल्ट पहन करके डेमो भी दिया गया। इस अवसर पर सहायक आबकारी आयुक्त ने धामपुर शुगर मिल की। इस पहल के लिए प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम प्लांट के अंदर देखते हैं कि सभी श्रमिक कार्य के दौरान हेलमेट, सेफ्टी शूज तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों का प्रयोग करते हैं। श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति और अधिक जागरूक होने के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि धामपुर शुगर मिल का प्रबंधन जो भी श्रमिकों का सुझाव होगा उसको अवश्य स्वीकार करेगा। चीफ सेफ्टी ऑफिसर भारत भूषण बरनी तथा एचआर हेड विवेक सिंह यादव ने श्रमिकों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि सेफ्टी बेल्ट सभी श्रमिकों कर्मचारियों की पहचान के अलावा उन्हें कोहरे के समय दुर्घटना से बचाव के लिए भी कार्य करेगा।



इस मौके पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि हम अपने श्रमिकों, कर्मचारियों तथा गन्ना अनलोडिंग में लगे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रमिकों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप लोग अपने परिवार के लिए सब कुछ हैं। मैनेजमेंट आपको रिफ्लेक्टिव बेल्ट कार्य के दौरान एवं घर जाते समय पहनने के लिए दे रहा है, अतः आप सभी को इसका उपयोग करना है।

मिल के महाप्रबंधक (कारखाना) विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि इस पहल का मकसद घने कोहरे के कारण होने वाले हादसों को कम करना है।

# छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सरकार गंभीर

## नियमों की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का होगा गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष छात्र मानसिक स्वास्थ्य नियमों की निगरानी एवं कार्यान्वयन की बैठक संपन्न हुई।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके भावनात्मक विकास पर ध्यान देना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य को बलवती बनाने तथा छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी छात्र अकेलेपन या तनाव से ग्रस्त न रहे। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित नियमों के प्रभावी अनुपालन की समीक्षा करना एवं आवश्यक सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करना है। उन्होंने में समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में काउंसलिंग व्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों, तनाव प्रबंधन गतिविधियों तथा परामर्शदाताओं की उपलब्धता की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों में अवसाद, चिंता एवं अन्य मानसिक समस्याओं की समय पर पहचान के लिए नियमित स्क्रीनिंग एवं काउंस. लिंग सत्र आयोजित किए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शैक्षणिक संस्थान छात्र मानसिक स्वास्थ्य नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में त्वरित सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को यह भी निर्देश दिए कि सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में छात्र मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जारी सरकारी गाइडलाइंस 'परख' और 'मनोदर्पण' का अक्षरशः पालन कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने काउंसलिंग सेल की स्थापना के बारे में जिले के प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालय में एक समर्पित 'छात्र सहायता कक्ष' (Student Support Cell) और हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए, जहाँ छात्र बिना किसी संकोच के अपनी समस्या साझा कर सकें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं, शैक्षणिक कैलेंडर में योग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों का अनिवार्य रूप से आयोजन करें तथा परीक्षाओं के दौरान छात्रों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए विशेष परामर्श सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों की दीवारों और नोटिस बोर्डों पर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबरों का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेश्वर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण



## भागवत कथा का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम फुलसंदा गंगदास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक दया देवकी नन्दन आचार्य कौस्तुव आनन्द जोशी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का सार परमात्मा (श्रीकृष्ण) की भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त करना होता है।

ग्राम फुलसंदा गंगदास में स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक दया देवकी नन्दन आचार्य कौस्तुव आनन्द जोशी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से मानव ही नहीं पशु पक्षियों का भी कल्याण होता है। यह कथा गांव में पवन कुमार व ग्रामीणों के सहयोग से दिवंगत पितरों की मोक्ष कामना एवं जन मानस के कल्याण हेतु कराई जा रही है। दूसरे दिन की कथा के मुख्य यजमान छत्रपाल जी व सुधा देवी रही। कथा में पवन कुमार, तोताराम, कंचन देवी, सुमन देवी, मोनू कुमार, कुलवीर सिंह, रीना सिंह, आदित्य सिंह, चित्रा देवी, शिवानी, दीपक, तनु, अवनीश, संजीव, राजीव, अरनब, अगम चौधरी आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर अटल स्मृति सम्मेलन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में नजीबाबाद तहसील में 'अटल स्मृति सम्मेलन' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल उपस्थित रहे।

अटल जी के सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अटल के शुचितापूर्ण राजनीति के प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा, 'जब 13 दिन की सरकार के दौरान मात्र एक वोट कम था, तब अटल ने स्पष्ट कर दिया था कि वे अनैतिक तरीके से जुटाए गए वोट को 'चिमटे' से भी छूना पसंद नहीं करेंगे।' उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि ने अटल की प्रसिद्ध पंक्तियों को याद करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा, 'अटल जी ने कहा था-अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज वह समय आ गया है, लेकिन कार्यकर्ताओं को भी सूरज की तरह तपकर जनता की सेवा करनी होगी।' पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने एस.आई.आर (एसआईआर) और क्षेत्रीय विकास की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने संगठन की मजबूती और अटल के सपनों का भारत बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, संदीप तायल, ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल, नकुल अग्रवाल, राजन टंडन, गोल्डी, तरुण राजपूत, दीपक करनवाल, सीमा कर्णवाल, कंवल बिट्टू भटनागर, ईसम चौधरी, अनुज चौधरी, हिमांशु तायल और पिंकू रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र सुशील कुमार व पुत्रवधु अनिता को उनके गलत आचरण के कारण उनसे अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में सुशील कुमार और उसकी पत्नी अनिता से मेरा कोई वास्ता मतलब नहीं रहेगा।

**श्रीमती राजकली**
**पत्नी स्व. सतपाल**
**निवासी-गांव सम्बलहेड़ी**
**थाना रामपुर मनिहारान**
**जिला सहारनपुर**



# सर्दी में बच्चों की सुरक्षा पर फोकस

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में अध्यापकों और अभिभावकों की बैठक करना सुनिश्चित करें और पेरेंट्स को निर्देशित करें कि बच्चों को सर्दी में उचित यूनिफॉर्म में विद्यालय भेजें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्दी में कोई भी बच्चा बिना स्वेटर और जूते के विद्यालय ना आए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शासन द्वारा अभिभावकों के खातों में धनराशि का अंतरण करें कोई भी पत्र धनराशि से वंचित न रहने पाए। उन्होंने पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों की मॉनिटरिंग के लिए एक टीम जिसमें ब्लॉक, तहसील के सदस्य के साथ एक टेक्निकल सदस्य भी शामिल हो का गठन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब की मॉनिटरिंग करें तथा यह भी देखना सुनिश्चित करें कि लैब में कितने कंप्यूटर हैं और कितन ठीक प्रकार से संचालित हैं। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को चिन्हित करें और उनको शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराएं जिससे कि वह जनपद का नाम रोशन कर सके। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर पोर्टल प्राप्त होने वाली शिकायतों का शिकायतकर्ता से वार्ता कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि जिले की रैंकिंग प्रभावित न होने पाए।

# एआई टेबल टेनिस में हरमीत व सयाली ने जीता खिताब



● हरमीन देसाई ने पुरुष एकल में स्नेहित व मिश्रित युगल में संपदा भिवंडीकर को हराया, जबकि सयाली वाणी ने अपनी साथी सिड्रेला दा को मात देकर खिताब अपने नाम किया

**इंदौर, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड के हरमीत देसाई ने मंगलवार को एआई 52वीं इंस्टीट्यूशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रोमांचक सात-गेम के फाइनल में भारतीय लेखापरीक्षा एवं खाता विभाग के एसएफआर स्नेहित को हराकर पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। हरमीत ने यहां अभय प्रशाल में खेले गए टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में 2-0 की बढ़त बनाई। वह छठे गेम में 10-6 पर जीत के कगार पर थे, लेकिन स्नेहित ने शानदार वापसी करते हुए गेम 16-14 से जीत लिया। हरमीत ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच पर फिर से काबू किया और निर्णायक गेम में बाजी मार 11-9, 11-9, 2-11, 8-11, 11-5, 14-16, 11-5 के स्कोर के साथ मुकाबला जीत लिया। बाद में हरमीत ने यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर रेलवे की जोड़ी प्रीएश राज और संपदा भिवंडीकर को हराकर मिश्रित युगल का खिताब भी 3-0 से जीता। इस बीच, महिला एकल फाइनल में सयाली वाणी ने चैंपियनशिप का शानदार अंत करते हुए पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड की अपनी साथी सिड्रेला दास को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# रैंकिंग में चार पायदान पर चढ़ी शेफाली



● शेफाली वर्मा महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आई गई हैं, जबकि उपकप्तान व सलामी बैटर स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार है

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आ गई हैं, जबकि उप-कप्तान और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शेफाली 736 अंकों के साथ छठे पायदान पर हैं, जबकि मंधाना 767 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। एक पायदान नीचे गिरने के बावजूद जेमिमा रॉड्रिग्ज (10वां पायदान) शीर्ष 10 में तीसरी भारतीय बल्लेबाज के तौर पर बरकरार हैं। शेफाली अब तक सीरीज के चार मैचों में तीन अर्द्धशतकों के साथ 227 रन बटोर चुकी हैं और तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से सिर्फ 60 अंक पीछे हैं भारतीय विकेटकीपर ऋचा घोष ने भी चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में नाबाद 40 रन बनाकर रैंकिंग में 20वें पायदान पर जगह बना ली है। इस बीच, टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में रेणुका सिंह और श्री चरणी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। रेणुका ने श्रीलंका सीरीज के तीसरे मैच में टीम में वापसी करते हुए चार विकेट लिए और इसके नतीजे में टी-20 गें. दबाजों की नवीनतम रैंकिंग आठ पायदान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती चार मैचों में चार विकेट लिए और रैंकिंग में 17 पायदान चढ़कर कुल 52वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति इस लिस्ट में 738 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

# क्रिकेट में आपको जीरो से शुरू करना होता है: मंधाना

● मंधाना ने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया



**त्रिवेंद्रम, वार्ता।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में हर पारी शुरू से शुरू होती है और पिछला प्रदर्शन भविष्य में सफलता की गारंटी नहीं देता, उन्होंने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में, आपको जीरो से शुरू करना होता है।

स्कोरबोर्ड हमेशा जीरो पर जीरो होता है। यह कभी भी वह नहीं होता जो आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज में किया हो। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में उम्मीदें अलग-अलग होती हैं, टी-20 क्रिकेट में वनडे और टेस्ट की तुलना में अलग मानसिक नजरिए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टी-20 थोड़ा इस तरह का है जहां आप आउट होने के बाद खुद पर बहुत ज्यादा सख्त नहीं हो सकते क्योंकि आप ऐसी रफ्तार से खेल रहे होते हैं जहां कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह कामयाब होगा और कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह नहीं होगा। मैं वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को लेकर खुद पर बहुत सख्त हूं क्योंकि आपके पास बहुत समय होता है। अगर आप वहां आउट होते हैं, तो यह मेरे लिए पाप जैसा लगता है। मंधाना ने कहा कि जहां कुछ खास दिनों में अपनी काबिलियत से मैच जिताए जा सकते हैं, वहीं खिलाड़ियों को बिना ज्यादा सोचे-समझे नाक. ामियों को भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप देश के लिए मैच जीतते हैं, लेकिन कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब आप रन नहीं बना पाते।

आपको दोनों को ही अपने हिसाब से लेना होगा क्योंकि आप ज्यादा सोच नहीं सकते। यह बस जल्दी बदलाव है। भारत की हालिया वनडे वर्ल्ड कप जीत पर बात करते हुए, मंधाना ने पिछली कामयाबी पर ज्यादा ध्यान न देने की चेतावनी दी, और टीम को अभी भी आगे बढ़ रही टीम बताया। उन्होंने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप महिला क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी बात थी, और हमने उसे पूरा किया, इसलिए यह एक बड़ी जीत है। लेकिन आप सिर्फ कामयाबी के बारे में नहीं सोच सकते। सीनियर बैट्समैन ने माना कि टीम ने साल के दौरान मौके गंवाए और कहा कि लगातार सुधार पर ही फोकस रहा। मंधाना ने कहा कि हमारे साथ कई बार ऐसा हुआ है जब हम मैच जीत सकते थे, लेकिन हम नहीं जीत पाए। यह टीम इतनी यंग है, हम हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं कि उन्होंने आगे कहा कि वह इस साल टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस को दस में से सातष रेटिंग देंगी। खासकर वनडे वर्ल्ड कप के दौरान और उसके बाद फैंस को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देते हुए, मंधाना ने कहा कि टीम का मकसद आगे भी बेहतर होते रहना है। उन्होंने कहा कि यह महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार साल रहा है। मुझे उम्मीद है कि हम फैंस को गर्व महसूस कराते रहेंगे और वे हमें सपोर्ट करने आते रहेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज ने रिसेप्शन में डांस फ्लोर पर जश्न में जान डाली

**चंडीगढ़, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हरियाणा के पानीपत जिले में सोमवार रात हुई रिसेप्शन पार्टी में डांस फ्लोर पर उतरकर अपनी शादी के जश्न में जान डाल दी। यह कार्यक्रम उनकी पत्नी हिमानी मोर के परिवार ने आयोजित किया था और यह समालखा के द रॉयल वेनेशियन रिजॉर्ट में हुआ। यह शादी के बाद इस जोड़े का तीसरा रिसेप्शन था। नीरज को पॉपुलर हरियाणवी गानों पर डांस करते देखा गया, जिस पर मेहमानों ने तालियां बजाईं, जबकि हिमानी मुस्कुराते हुए उन्हें देख रही थीं। शाम के वीडियो में भाला फेंक स्टार को मासूम शर्मा के मशहूर गाने 'भांग रगड़ के पिया करूं' पर डांस करते हुए देखा गया।

### जिस फॉर्मेट ने पहचान दी, उसका सम्मान करो : चैपल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा एशेज टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेग चैपल ने कहा है कि दोनों टीमों को खेल के उस फॉर्मेट की इज्जत करनी चाहिए जिसने उन्हें पहचान दी है। गौरतलब है कि यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया मुकाबला दूसरे दिन के तीसरे सत्र में खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे स्टोक्स की टीम ने छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। चैपल ने क्रिकइन्फो के लिए लिखे गए एक लेख में कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज 'मॉन्युमेंट्स मेन' वे लोग हैं जो अतुल्य खजानों की रक्षा करते हैं। ए ऐसे महिला और पुरुष कलाकारों, इतिहासकारों, शिल्पकारों और संग्रहालय निद. शकों का का समूह था जिन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर जंग में झोंके गए कला और शिल्प के शाहकारों की हिफाजत की।

### पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल विभाग ने भारत को वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में स्थान दिलाने, वैश्विक खेल उत्कृष्टता के लक्ष्य को पूरा करने, खेल प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत करने और खेल प्रशासकों की क्षमता निर्माण हेतु ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में एक कार्य बल का गठन किया था। इस कार्य बल ने हाल ही में खेल विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस व्यापक रिपोर्ट ने ओलंपिक खेलों की मेजबानी सहित एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल दिया है। कार्य बल ने खेल प्रशासन प्रशिक्षण को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त वैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय खेल शिक्षा और क्षमता निर्माण परिषद की स्थापना की सिफारिश की है।

# फीफा को 2026 वर्ल्ड कप के लिए रिकॉर्ड 15 करोड़ टिकट रिक्वेस्ट मिले



● फीफा प्रेसिडेंट ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा व सबसे ज्यादा ज्यादा शामिल करने वाला शो

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने सोमवार को कहा कि उसे 2026 वर्ल्ड कप के लिए 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट मिले हैं, जिससे वर्ल्ड कप टिकटिंग का एक नया रिकॉर्ड बन गया है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का फेज अभी आधा ही हुआ है। 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों के फैंस ने 11 दिसम्बर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिग फेज शुरू होने के बाद फीफा-कॉम /टिकट प्लेटफॉर्म पर रिक्वेस्ट की बाढ़ ला दी। यह फेज 13 जनवरी, 2026 को खत्म होगा। फीफा ने कहा कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट एप्लीकेशन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड इंडिविजुअल क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन हुआ है, और यह डिमांड 1930 से अब तक इस कॉम्पिटिशन के सभी 22 एडिशन के कुल 964 मैचों में आए दर्शकों की कुल संख्या से 3-4 गुना ज्यादा है। फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा शामिल करने वाला शो होने वाला है। भावुक फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सच्चा सबूत है कि हमारे खेल को दुनिया भर में कितना पसंद किया जाता है।

# इंडिया ओपन भव्य आयोजन के लिए तैयार, टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 13 से 18 जनवरी, 2026 तक वापस आ रहा है, यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के मशहूर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा, जो इसके पैमाने और फैन अनुभव में एक बड़ा कदम है। पिछले वेन्यू की तुलना में दोगुनी से ज्यादा, 8,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता के साथ, यह अपग्रेड भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट की बढ़ती प्रतिष्ठा को दिखाता है।

योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के टिकट टूर्नामेंट के टिकटिग पार्टनर, टिकमिट के जरिए विशेष रूप से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपये से शुरू होगी, और प्रीमियम सीटों की कीमत 1,750 रुपये तक होगी, जिससे सभी कैटेगरी के लोगों के लिए टिकट उपलब्ध होंगे। फैंस को एक चरणबद्ध छूट संरचना का भी फायदा मिलेगा जो जल्दी बुकिंग करने वालों को पुरस्कृत करने के लिए डिजाइन की गई है, जो लोग जल्दी बुकिंग करेंगे उन्हें 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट मिल सकती है।

# एमआई ने क्रिस्टन बीम्स को नियुक्त किया स्पिन बॉलिंग कोच

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेगस्पिनर क्रिस्टन बीम्स को अपना स्पिन-बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2014 से 2017 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुकी हैं। वह मुंबई के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच लिसा कीथली, गेंदबाजी कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी, बल्लेबाजी कोच देविका पालशिकर और फील्डिंग कोच निकोल बोल्टन के साथ जुड़ेंगी। यह कीथली का भी मुंबई के साथ पहला सीजन होगा। वह पिछले तीन सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के साथ काम कर चुकी हैं। बीम्स ने मुंबई इंडियन्स की इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी के साथ काम करना एक शानदार मौका है। (टीम की) संस्कृति शानदार है। उन्होंने इतने लंबे समय में एक जीतने की एक विचारधारा बनाई है। सबसे सुनने को मिलता है कि यह टीम एक-दूसरे के बहुत करीब है और एक परिवार की तरह है। आप इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। मुझे लगता है कि एक कोच के तौर पर आप बिल्कुल यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसे माहौल में जाना चाहते हैं जहां सब एक-दूसरे के करीब हों और एक ऐसी टीम बनाते हों जो जीतना जानती है। बीम्स ने एक टेस्ट, 30 वनडे और 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

# अर्जुन से हार के बाद कार्लसन ने आपा खोया

● भारतीय ग्रैंडमास्ट अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद फिर गलत वजह से सुर्खिया में आए मैग्लन कार्लसन



**दोहा, वार्ता।** नॉर्वेजियन शतरंज सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन सोमवार को फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद अपना आपा खोने के कारण एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में आ गए। मौजूदा वर्ल्ड रैपिड और वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन को नौवें राउंड में एरिगैसी ने हराया, जिसमें भारतीय जीएम ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार कैलकुलेशन और मजबूत एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। हार के कुछ ही देर बाद, कार्लसन को निराशा में मेज पीटते हुए देखा गया, इस घटना को वीडियो में कैद कर लिया गया और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसे फैंस ने कार्लसन आउटबर्स्ट 2-0 नाम दिया। यह घटना कार्लसन के जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश से हारने के बाद अपना आपा खोने के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अपनी दिग्गज स्थिति और सफलता के बावजूद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी की हार को शालीनता से स्वीकार न करने के लिए अक्सर आलोचना की जाती रही है। एरिगैसी की कार्लसन पर जीत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि 22 वर्षीय भारतीय 11 राउंड के बाद नौ अंकों के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद 10वें राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर थोड़े समय के लिए आधे अंक की बढ़त बना ली, जिसके बाद 11वें राउंड में अमेरिकी जीएम फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। पहले दिन दो राउंड बाकी रहते हुए, कार्लसन रिकॉर्ड नौवें वर्ल्ड ब्लिट्ज खिताब के लिए दौड़ में बने हुए हैं, उन्होंने रविवार को पहले ही अपना छठा वर्ल्ड रैपिड खिताब जीत लिया है। वह वर्तमान में आठ अंकों के साथ आठ खिलाड़ियों के समूह में हैं, जिसमें शीर्ष दावेदार अलीरेजा फरिजा और भारत के सुनीलदत्त नारायणन भी शामिल हैं। कारुआना, दानिल डुबोव और चीन के यू यांगई 8-5 अंकों के साथ संयुक्त नेताओं से थोड़ा पीछे हैं, जिससे चैंपियनशिप के निर्णायक चरणों में पहुं. चने पर कड़ी टक्कर की उम्मीद है। इस बीच, भारतीय सितारे आर प्रज्ञानानंद और मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश 7-5 अंकों के साथ और पीछे हैं, जो 14वें स्थान पर बंधे एक बड़े समूह में हैं।

# घुटने की चोट के बाद शाहीन शाह अफरीदी बीबीएल से पाक लौटेंगे



**एडिलेड, वार्ता।** घुटने की चोट ने शाहीन शाह अफरीदी का बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ सफर खत्म कर दिया है। पीसीबी ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस बुला लिया है ताकि फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए वह अपना रिहैबिलिटेशन शुरू कर सकें।

हीट के एक बयान में कहा गया है कि एडिलेड से टीम के लौटने के बाद अफरीदी का आगे रिव्यू किया जाएगाष, जहां वे बुधवार को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेंगे, जिससे पता चलता है कि उस प्रक्रिया के बाद अफरीदी पाकिस्तान लौट सकते हैं। अफरीदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि मैं ब्रिस्बेन हीट टीम और फैंस का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना प्यार और सपोर्ट दिया। एक अप्रत्याशित चोट के कारण, मुझे पीसीबी ने वापस बुला लिया है और मुझे रिहैब करना होगा। उम्मीद है, मैं जल्द ही मैदान पर वापस आऊंगा। इस बीच, मैं इस शानदार टीम को चीयर करूंगा। हीट टॉम अलसोप (घुटने की चोट) और नाथन मैकस्वीनी (टखने की चोट) का भी इंतजार कर रही है, जिन्होंने ट्रेनिंग फिर से शुरू कर दी है। बीबीएल में अपने पहले सीजन में, अफरीदी पाक क्रिकेटरों के एक मजबूत दल का हिस्सा थे, जिसमें बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ जैसे खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन वह सिर्फ चार मैच खेल पाए और उनका समय बहुत यादगार नहीं रहा: सिर्फ दो विकेट और 11.19 की इकॉनमी रेट।

# खालिदा जिया के निधन पर बांग्लादेश में शौक के कारण बीपीएल मैच रद्द



**ढाका, वार्ता।** अधिकारियों ने बताया कि बंगलादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद देश में राष्ट्रीय शोक के कारण मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) टी-20 मैच रद्द कर दिए गए।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से ज्यादा समय तक देश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक जीवन में एक प्रभावशाली हस्ती रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिया, जिनका जन्म 1945 में वर्तमान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था, पिछले अगस्त में 80 साल की हो गई थीं। अधिकारियों ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। एक बयान में, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की चेयरपर्सन और पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बीसीबी ने कहा कि उसने देश में क्रिकेट की प्रगति के लिए उनके निरंतर आशीर्वाद और सद्भावना को कृतज्ञता के साथ याद किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने खेल के विकास के लिए मजबूत समर्थन दिया, जिससे क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में सुधार और देश भर में खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# रोहित-विराट का टेस्ट से संन्यास साल की बड़ी घटना रही



**यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ**

**जिसमें ऐतिहासिक जीत व रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का खेल के सबसे लम्बे फॉर्मेट टेस्ट से संन्यास 2025 की सबसे बड़ी घटना रही। यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ, जिसमें ऐतिहासिक जीत और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए, हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं। साल की शुरुआत भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए एक शानदार जीत के साथ हुई, जब उन्होंने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। 9 मार्च को, भारत ने दुबई में खेले गए एक रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। रोहित शर्मा ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, फाइनल में महत्वपूर्ण 76 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस जीत के साथ भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, जिससे वैश्विक क्रिकेट में एक मजबूत टीम के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई। महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर तब हासिल हुआ जब भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की और उसे जीता। सितम्बर के आखिर से 2 नवम्बर तक, भारत की महिला टीम ने असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिसका नतीजा नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के रूप में निकला। यह भारत की पहली महिला क्रिकेट विश्व कप जीत थी, जो देश में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था और इसने पूरे देश में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया। सितम्बर में उत्साह जारी रहा जब भारत ने एशिया कप (टी-20) का खिताब बरकरार रखा, 28 सितम्बर को दुबई में एक और हाई-प्रोफाइल मुकाबले में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार एशिया कप जीतकर अपना रिकॉर्ड बढ़ाया, जिससे महाद्वीप में टी-20 फॉर्मेट में उनका दबदबा और मजबूत हुआ। इस जीत का पूरे देश में बड़े पैमाने पर जश्न मनाया गया, प्रशंसकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और तनावपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के लचीलेपन और कौशल की सराहना की।

जनवरी में भारत का दबदबा रहा, उसने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज क्रमशः 4-1 और 3-0 से जीतीं। दोनों टीमों ने इस साल एक और द्विपक्षीय सीरीज खेली। अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद, युवा शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया, जिससे भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत हुई।

# 2027 में बनने जा रही सपा सरकार: इकरा

## कैराना सांसद के सर्वश्रेष्ठ नवोदित सांसद चुने जाने पर सपा नेत्रियों ने शॉल ओढ़ा व पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद चौधरी इकरा हसन के सर्वश्रेष्ठ नवोदित सांसद चुने जाने के बाद नगर आगमन पर महिला समाजवादी पार्टी ने उनका शॉल व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद इकरा हसन ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर केराना एवं सहारनपुर नगर व आसपास से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। सांसद इकरा हसन ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के पास स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार का कोई ठोस एजेंडा नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के लिए एक नया विजन लेकर आ रहे हैं और 2027 में सरकार बनने के बाद युवाओं को रोजगार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा जरूरतम.दों, किसानों, शोषितों, युवाओं और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है, इसलिए सभी को मिलकर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाने में योगदान देना चाहिए।



इस मौके पर सपा नेत्री मंजू अरोड़ा ने सांसद इकरा हसन को सर्वश्रेष्ठ नवोदित सांसद चुने जाने पर शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में सांसद बनकर नवोदित सांसद का सम्मान प्राप्त करना महिलाओं के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में पार्षद टिंकू अभिषेक अरोडा, सांसद के सरसावा प्रतिनिधि संदीप सैनी, युवा सपा नेत्री अरीशा नबिया, फैसल सलमानी सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अकीदतमंदों की सेवा में जुटे रहे बेहट विधायक उमर अली खान

# दुआ के साथ इज्तमे का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिर्जापुर के ग्राम मगनपुरा में चल रहे तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तमा का आज दुआ के साथ समापन हो गया। क्षेत्रीय विधायक उमर अली खान लगातार तीनों दिन जलसे में आने वाले अकीदतमंदों की सेवा में जुटे रहे।



शिवालिक की तलहटी के ग्राम मगनपुरा में स्थित मदरसे में आज सुबह मौलाना साद ने हजारों लोगों के हुजुम को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान के बताये रास्ते पर चलकर ही हम अल्लाह और उसके रसूल को पा सकते है। उन्होंने कहा कि कुरान दीन और दुनिया दोनों की शिक्षा देता है। अगर हम इस पर अमल करे तो दोनों जगह पर कामयाब हो सकते है।

बेहट विधायक उमर अली खान पिछले तीन दिनों से दूर दूर से तब्लीगी इज्तमा में आने वाले अकीदतमंदों की सेवा में लगे रहे। कभी पार्किंग, कभी लंगर और कभी पंडाल की व्यवस्था में मगन देखे गये। उन्होंने भी दुआ में हिस्सा लिया। आज भारी भीड को देखते हुए सुबह करीब दस बजे ही दुआ कराकर इज्तमा का अहतमाम किया गया। इज्तमा को सफल बनाने में आसपास के गांव के साथ-साथ मगनपुरे वालों का विशेष सहयोग रहा।

# रातभर चली चैकिंग में 11 वाहन सीज

## डीएम के निर्देश पर अवैध खनन व परिवहन नेटवर्क पर टास्क फोर्स का तगड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में अवैध खनन एवं उपखनिजों के अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। वर्ष 2025 के अंतिम दिनों में भी प्रशासनिक सख्ती साफ नजर आई। रातभर चले सघन अभियान में ओवरलोडिंग व बिना वैध प्रपत्र वाले 11 वाहनों को सीज किया गया।

29 दिसंबर से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच विशेष टास्क फोर्स एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद के प्रमुख स्थलों पर सघन चे.किंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 233 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 11 वाहनों को ओवरलोडिंग व बिना वैध प्रपत्रों के पाए जाने पर विभिन्न थानों में सीज किया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 3.30 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गठित विशेष टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने पिछले 15 दिनों में दिन-रात चलाए गए अभियानों के दौरान 500 वाहनों की जांच की, जिनमें से 16 वाहनों को ओवरलोड अथवा बिना परिवहन प्रपत्र के पाए जाने पर थानों में बंद कराया गया। टास्क फोर्स द्वारा पिकेट प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस एवं राजस्व कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में उपखनिजों से भरे वाहन बिना वैध दस्तावेज या ओवरलोड होकर न निकलने पाएं। साथ ही समस्त उप जिलाधिकारियों एवं खनन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन या परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दो टूक कहा कि अवैध खनन व परिवहन में लिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वर्ष 2026 में भी ऐसे तत्वों पर लगातार कड़ा प्रहार जारी रहेगा।

# मशहूर समाजसेवी हाजी फुरकान भटटेवाले का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मशहूर समाजसेवी हाजी फुरकान भटटे वाले का बीती रात इंतकाल हो गया। उनके जनाजे में राजनीतिक, सामाजिक व व्यापारियों सहित हजारों लोगों ने शिरकत की।

अंबाला रोड ढोली खाल में रहने वाले समाजसेवी हाजी फुरकान पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। बीती शाम मगरिब की नमाज मस्जिद में अदा करके घर आये और रात ही में अचानक दर्द होने पर उनका इंतकाल हो गया। हाजी फुरकान के बेटे युवा नेता फरमान कुरैशी ने बताया कि हाजी जी ज्यादा बीमार नहीं थे। हार्ट और शुगर की वजह से अचानक ही उनका इंतकाल हुआ। हाजी फुरकान के इंतकाल की खबर फैलते ही हजारों की संख्या में लोग उनके निवास पर इकटठा हो गये। आज शाम मदीना से आये उनके बेटे डा.उस्मान ने नमाज ए जनाजा अदा कराई। तत्पश्चात जनाजे को लेकर हजारों लोग कुतुबशेर दरगाह कब्रिस्तान में पहुंचे। जहां उन्हें तदफीन किया गया। उनके जनाजे में पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, विधायक उमर अली खान, विधायक आशु मलिक के भतीजे प्रवेज मलिक, मोनिस रजा, उद्योगपति एवं समाजसेवी मौ.औसाफ गुडडू, फिरोज आफताब, राव मौहम्मद, फरहान खान, जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद, सचिव मसूद बदर, नकुड पूर्व चेयरमैन शाहनवाज खान, वरिष्ठ पत्रकार जावेद साबरी, अबूबकर शिब्ली, डा.शाहिद जुबैरी, पूर्व जिलाध्यक्ष चौ.मुजफ्फर व फरमान कुरैशी के भाईयों व परिवार.जनों के साथ हजारों लोग शामिल रहे।



### तीन चोर पकड़े

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने गश्त के दौरान केंटर चोरी करने वाले 3 चोरों को गिरफ्तार कर लिए गए है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर दिए है।

कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे अपराधियों एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। तो मुखबिर ने सूचना दी कि कस्बे से केंटर चोरी करने वाले एक बाग में छुपे हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बताए हुए स्थान पर कार्रवाई करते हुए छापा मारा तो वहां छुपे 03 वांछित कैन्टर चोरी के आरोपियों - कलीम उर्फ आरिफ, महबूब और सैफ को गिरफ्तार किया कर लिया गया। चोरी का माल जंगल में छिपाया गया था और कुछ हिस्से को बेचने की योजना बनाई जा रही थी।

# पूर्व प्रधान के बेटे पर साथियों समेत गैंगरेप का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढोली कदीम।**बेहट। पूर्व प्रधान के बेटे पर अपने साथियों के साथ मिलकर तमंचे के बल पर नाबा.लिग युवती का अपहरण कर अपने घेर में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है।

मामला कोतवाली बेहट इलाके के एक गांव का है। कोतवाली बेहट पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया कि सोमवार की देर रात वह अपने कमरे में सोया हुआ था जबकि उसकी नाबालिग बेटी और बेटे दूसरे कमरे में सोए हुए थे। आरोप है कि आधी रात को गांव के ही पूर्व प्रधान का बेटा अपने तीन साथियों के साथ छत और सीढियों रास्ते से उसके घर पहुंचा और कमरे में सो रही नाबालिग बेटी को तमंचा दिखाकर अपहरण कर अपने घेर में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित का कहना है कि जब वह पूर्व प्रधान के घर पहुंचा और शिकायत की तो पूर्व प्रधान ने भी उसे भगा दिया और धमकी दी। कुछ देर बाद उसकी बेटी बदहवास हालत में वापस लौटी। पीड़ित पिता का ये भी आरोप है कि पूर्व प्रधान ने कार्यवाही करने पर उन्हें गांव से उजाड़ने की धमकी दी और थाने तक नहीं आने दिया। कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी का कहना है कि कुछ लोग आए थे, लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी।

### बैठक संपन्न

**सहारनपुर।** उपाध्याय समाज के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि उपाध्याय समाज तेरहवीं आदि में भाषणबाजी का समर्थन नहीं करता। समाज इसका घोर विरोध करता है। राष्ट्रीय महासचिव श्री उपाध्याय हिम्मत नगर में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक नकली राम उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन नवगठित संगठन पूर्णरूप से अनुशासित एवं अराजनीतिक रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि उपाध्याय सरनेम से सहमत होने वाले बुद्धिजीवी सज्जन चाहे, कहीं पर हों, कुछ भी कार्य करते हो, जुड़े तथा समान विचारधारा के लोग जुड़े संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। यह संगठन तेर.हवीं इत्यादि में भाषणबाजी का समर्थन नहीं करता।

# आईआईए कैलेंडर नववर्ष 2026 का भव्य विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईआईए चैप्टर टीम एवं संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा आईआईए कैलेंडर नववर्ष-2026 का संयुक्त रूप से भव्य विमोचन किया गया। साथ ही 250 गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए।

अंबाला रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित बैठक का शुभारंभ करते हुए चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि आईआईए केवल उद्योगों की समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्योग, सरकार एवं प्रशासन के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विकास के लिए भूमि एमएसएमई उद्योगों को त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल नीति के अंतर्गत औद्योगिक शेड की स्थापना, भूमि सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने तथा नीलामी की बजाय लॉटरी प्रणाली से औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाने के संबंध में कई वर्षो से निरन्तर मांग उठाती आ रही थी आईआईए की इस मांग को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में प्लग एंड प्ले मॉडल नीति के अंतर्गत औद्योगिक शेड, नीलामी की बजाय लॉटरी प्रणाली से औद्योगिक भूखण्डो के आवंटन की घोषणा की गई है।




पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने कहा कि आईआईए एक ऐसा प्रभावी प्लेटफार्म है, जहां से उद्योगों को नीति-निर्माण से लेकर प्रशासनिक सहयोग तक व्यापक लाभ मिल रहा है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने कहा कि संस्था आज न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है।

संचालन करते हुए चैप्टर सचिव कुशल शर्मा ने कहा कि संस्था के सदस्यों के ज्ञानवर्धन एवं क्षमता विकास के लिए निर्यात, मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं जीएसटी से संबंधित विषयों पर शीघ्र ही कार्यशालाओं के आयोजन किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष परविंदर सिंह एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर अध्यक्ष मुक.েश चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन गोयल, उत्सव संचालक विनय जिंदल, उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, समाजस.ेवी संजय करनवाल, हितेश गर्ग, राकेश मोहन शर्मा, सुरेंद्र मोहन शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, सतीश सिंघल, विश्वनाथ गोयल, योगेश गोयल, नितिन कंसल, राकेश मित्तल, नितिन शर्मा, अभिषेक वशिष्ठ, अभिनव वशिष्ठ, अक्षत वशिष्ठ समेत आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों को सही दिशा दें: चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि खिलाडियों के जीवन में एकेडमी के सही मुकाम तक पहुं.चने का बेहतरीन माध्यम है।

चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात वन टच एकेडमी का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने एकेडमी के महा प्रबंधक संदीप विशेदिया सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि वह ईमानदारी से काम करें और आगे बढ़े। युवाओं को नई दिशा प्रदान करें।

युवाओं को रोजगार के नए आयाम तक पहुंचाए। युवा देश की रीढ़ है। इस दौरान जय कुमार, विजेंद्र सिंह, प्रदीप हिन्दुस्तानी, अनुज चौधरी, रवि कुमार, अरविन्द कुमार, सोनिया, सुषमा, अमित कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार, अंकित आदि समेत भारी संख्या में खिलाडी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में चार समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आयी आज 09 समस्याओं में से सफाई सम्बंधी चार समस्याओं का नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। लाईट, पानी व सीवर सम्बंधी समस्याओं के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

वार्ड 04 पंत विहार निवासी दशपाल शर्मा ने पंत विहार में व वार्ड 53 जैन बाग मंदिर निवासी अनुज जैन ने नालियों की साफ सफाई कराने, वार्ड 04 पंत विहार फेस वन के ही मनीष पुण्डीर ने श्रीराम पार्क से ओम चौक तक तथा वार्ड 06 के वर्धमान कॉलोनी निवासी शकील ने कॉलोनी में साफ-सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों एवं सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान करा दिया।

इसके अलावा वार्ड 38 उत्तम विहार कॉलोनी के संदीप शर्मा ने उत्तम विहार में, वार्ड 04 पंत विहार निवासी दशपाल ने पंत विहार में तथा वार्ड 13 नानकपुरम निवासी प्रवीन कुमार ने नानकपुरम मंदिर प्रांगण में स्ट्रीट लाईट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड 68 मौहल्ला आली निवासी मोहम्मद नजर ने सीवर की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वार्ड 6 के शकील ने वर्धमान कॉलोनी में पाइप लाइन ठीक कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# विद्युत विभाग आफिस यथावत रखने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्वसमाज एकता समिति के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गुलशन कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मैजिस्ट्रेट को सौंपकर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता के कार्यालय को शहर से बाहर न ले जाने की मांग की।



गुलशन कुमार ने बताया कि उ. प्र. पॉवर कार्पोरेशन विद्युत वितरण निगम के अध्यक्ष जनपद विद्युत विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण करने आए थे जिसके बाद उन्होंने मुख्य अभियन्ता के कार्यालय को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि कार्यालय शहर से बाहर जाने के कारण जंगल में कौन मिलने आयेगा, जबकि अगर उन्हें सीधे रास्ते से दिल्ली रोड शाकुम्भरी विहार, मवीकला ले जाया जाता तो मुश्किल से आधे घंटे का समय लगता है, मगर उन्हें भ्रमित किया गया। उन्होंने बताया कि शहर से करीब 7-8 किलोमीटर इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण कार्यालय भी ग्रामीण क्षेत्र के पास सौराना में खोल दिया गया। मुख्य अभियन्ता से नागरिकों को बहुत कम कार्य पड़ता है। मुख्य अभियन्ता का सम्बन्धित अधिकारियों से अधिक कार्य पड़ता है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की कि विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता के कार्यालय को शहर से बाहर ले जाने के आदेशों को निरस्त करते हुए उसे महानगर में ही रहने के निर्देश दिए जाएं।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला सचिव राकेश शर्मा, वेदपाल, पारस कुमार, जैन, कुर्बान आदि मौजूद रहे।

### कंबलों का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में चल रहे राष्ट्र कल्याणर्थ मनोकामना पूर्ण संगीतमयी पांच श्री हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान महायज्ञ को विश्राम देते हुए गरीब असहाय 250 लोगों को कंबल वितरित किए गए।

मौहल्ला चौंतला स्थित मंदिर परिसर श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा मंदिर अधिष्ठाता स्वर्गीय पं. वासुदेव शर्मा निर्मोही के प्रेरणा स्वरूप में चल रहे पांच श्री हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान महायज्ञ को आज विश्राम दिया गया प्रात:काल मंदिर अधिष्ठाता द्वारा श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री हनुमान जी सभी के कष्ट दूर करते हैं और उसी उद्देश्य को लेकर श्री हनुमान चालीसा पाठ का अनुष्ठान महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

# ड्रेस, आईकार्ड व नेम प्लेट के साथ ड्यूटी करें स्वास्थ्यकर्मी: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी अपनी निर्धारित ड्रेस, आईडी कार्ड व नेम प्लेट के साथ ही ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड न केवल पहचान का माध्यम है, बल्कि आमजन की सुविधा और संतुष्टि भी सुनिश्चित करता है। इस संबंध में सीएमओ को आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए गए। आशा-एएनएम की कार्यशैली की जांच, चश्मा वितरण हेतु तहसील स्तर पर कार्यक्रम, रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश जिलाधिकारी ने आशा एवं एएनएम की खराब कार्यशैली की जांच के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही आशाओं के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेज करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रिक्त पदों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सीएचसी व पीएचसी पर शत-प्रतिशत ड्यूटी चार्ट प्रदर्शित किया जाए तथा संविदा चिकित्सकों के कार्यों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत 20 से 25 जनवरी के मध्य तहसील स्तर पर चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डीएम ने दो टूक कहा कि आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

# शिविर में हजारों लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 23 वें स्थापना दिवस पर लगाये गये निशुल्क कैंप में सैकडों मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयों का वितरण किया गया।

हबीबगढ में राष्ट्रवादी मुस्लिम महिला संघ एवं महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा श्रीमती फरहा फैज के नेतृत्व में लगाये गये शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रवीण कुमार व मंच के राष्ट्रीय संयोजक मौ.अफजाल द्वारा किया गया। शिविर में जिला मलेरिया अधिकारी डा.शिवांका गौड, डा. पंकज कुमार के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय से आई टीम के चिकित्सकों व सहयोगियों ने लोगों की जांच की। इसके अलावा डा. प्रणय नैब, डा.अनूप रोहिला, डा. शमून अहमद, डा.नूराना कसार, डा. अहमद फातमा, डा.अबूबकर जैदी व तरूण नैब ने 224 रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने भी शिविर में शिरकत करते हुए नेतृत्व कर रही श्रीमती फरहा फैज को नेक कार्य करने की बधाई दी।



शिविर में एक्सपोर्टर असलम सैफी, तोषी वर्मा, श्रीमती सुरभि सिंह, अंजुम आरा, फरजाना, शगुफ्ता प्रवीण, नशरा, कशिश शुमायला, फुरकान ताबिश, मौ.सलमान, मौ. नदीम खान, जैनुल व जैद आदि मौजूद रहे।

# सीएफआर की रिपोर्ट

क्या भारत-पाक के बीच 2026 में युद्ध हो सकता है ऐसी आशंका अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑफ फॉरन रिलेशन्स (सीएफआर) ने व्यक्त की है। यह अमेरिका का बड़ा थिंक टैंक है। सीएफआर ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत-पाक के बीच फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कश्मीर में आतंकी घटना को बड़ा कारण बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर कश्मीर में आतंकी घटना बढ़ती है तो वह दोनों में युद्ध का रूप ले सकती है। इसके अलावा रिपोर्ट इशारा करती है कि दोनों ही देश रक्षा बजट पर भारी भरकम राशि खर्च कर रहे हैं। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस रक्षा सौदे में ड्रोन, एयर मिसाइल और बम शामिल हैं तो वहीं दूसरी ओर पाक भी तुर्की और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है। हालांकि रिपोर्ट बताती है कि पाक और अफगानिस्तान के बीच भी हालात अच्छे नहीं हैं। वहां भी संघर्ष हो सकता है। रिपोर्ट इजरायल फलस्तीन, इजरायल-इरान, चीन-ताईवान के बीच संभावित टकराव की भी चर्चा करती है। जाहिर है, यह रिपोर्ट जिस तरह तैयार की गई है, उसे केवल राजनीति से प्रेरित होकर तो खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि जिस तरह के हालात पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि रिपोर्ट काफी सच्चाई के नजदीक है, क्योंकि जितने भी संकट रिपोर्ट में बताए गए हैं वे जगजाहिर हैं और जमीन पर भी साफ दिखाई दे रहे हैं। सीएफआर अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। इसमें पूर्व राजनयिक सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी जारी करता है। साथ ही यह भी बताता है कि यदि इस तरह के संघर्ष होते हैं तो उसका अमेरिकी हितों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यदि भारत-पाक के बीच युद्ध होता है तो इसका सीधा असर अमेरिकी हितों पर पड़ेगा। अब यह तो कहना मुश्किल है कि समय के साथ यह रिपोर्ट कितनी सच्चाई में बदलती है लेकिन हां एक बात साफ है कि भारत-पाक के जिस तरह के रिश्ते आज दिखाई दे रहे हैं और कश्मीर में जैसी आतंकी घटनाएं बढ़ रही हैं और बताया जा रहा है कि 30 विदेशी आतंकी अभी भी वहां सक्रिय हैं और बड़ी संख्या में आने की तैयारी कर रहे हैं। गत दस मई को एक आतंकी घटना को लेकर हुए संघर्ष में युद्ध विराम भी हो गया था। ऐसी परिस्थितियां बताती हैं कि दक्षिण एशिया के हालात बेहद खतरनाक मोड पर हैं। रूस, यूक्रेन युद्ध पहले से ही चल रहा है। ऐसे में जरूरत शांति के प्रयासों की है, क्योंकि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

## एआई का वैश्विक केंद्र बनेगा उत्तर प्रदेश



वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा, प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे ब्रांड यूपी को देश और दुनिया में पहचान मिली है, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# हर प्रदेश अपने-अपने तरीके से कहता है हैप्पी न्यू ईयर



श्वेता गोयल

नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सुईयों द्वारा जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजियों का धूमधड़ाका शुरू हो जाता है और एकबारगी तो यही अहसास होता है कि मानो डेढ़-दो माह बाद एक बार फिर से दीवाली का त्यौहार लौट आया हो। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनियाभर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं।

हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवत: दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरुआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरुआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष-महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है।

बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरूआत मानी जाती है। जम्मू कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से



**छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरुआत मानी जाती है।**

मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष वैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संभावनाओं से भरा हुआ योग का क्षेत्र

**अब तो विभिन्न भाषाओं के अखबार और पत्र-पत्रिकाएं भी किसी जाने-माने और प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ को अपने लिए कॉलम लिखने को भी आमंत्रित करने लगे हैं। इसके लिए भी योग विशेषज्ञों को मोटी रकम दी जाती है और यह उनके लिए रोजगार का शानदार अवसर उपलब्ध कराता है। निजी और सार्वजनिक दोनों ही क्षेत्रों में काम करने वाले इस तरह के पेशेवर लोगों के नियोक्ता योग के माध्यम से इसका समाधान खोजते हैं और उनके लिए योग के विशेष सत्र आयोजित करवाते हैं। इसमें योग विशेषज्ञों और पेशेवर योगकर्मियों की मदद ली जाती है। विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त ये पेशवर योगकर्मी तनाव दूर करने और इससे निपटने के लिए कई तरह के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हैं ताकि तनाव बाहर निकले और उससे निपटा जा सके।**

वैश्वीकरण के तेजी से प्रसार और विकसित एवं विकासशील दोनों ही तरह के देशों के लोगों की जीवनशैली तथा खान-पान की आदतों में आमूल परिवर्तन से योग संभावनापूर्ण करियर और रोजगार के शानदार अवसरों वाले नवीनतम क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। रोजगार के अवसरों के अनगिनत द्वार खुलने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के नई पीढ़ी के शिक्षित नौजवान इसमें उपलब्ध अवसरों की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। योग के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

## शिक्षा

शिक्षा सबसे अधिक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। योग में डिग्री और डिप्लोमा हासिल करने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की तलाश कर सकते हैं। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और केन्द्र तथा राज्य सरकारों की अनगिनत अन्य शिक्षा संस्थाएं ऐसे नौजवानों को रोजगार के विभिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करते हैं।

इन संस्थाओं में योग प्रशिक्षक की नियुक्ति विद्यार्थियों तथा शैक्षिक संकाय के सदस्यों को चिंताओं और तनाव से निपटने के सही तौर-तरीके बताने के लिए की जाती है। यह तनाव और चिंताएं नौकरियों की बढ़ती मांग और भिक्षा में एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधी दौड़ की वजह से पैदा होते हैं। योग प्रशिक्षक विद्यार्थियों को कक्षाओं में उनके निर्धारित योग पाठ्यक्रम के बारे में भी बताते हैं। राज्य सरकारों ने सभी स्कूलों में योग शिक्षा को अनिवार्य बना दिया है और इसके लिए हर साल हजारों योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाती हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी योग विषय पढ़ाने के लिए शैक्षिक संकाय सदस्य होते हैं, जो प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के तौर पर नियुक्त किए जाते हैं। योग के पेशेवर विशेषज्ञों को सार्वजनिक और निजी दोनों ही क्षेत्र की शिक्षा संस्थाओं में निदेशक, उप-निदेशक, परामर्शदाता आदि के रूप में भी नियुक्त किया जाता है। उनका वेतन और विभिन्न भत्ते कई बातों पर निर्भर रहते हैं जैसे पदक्रम, शिक्षा का स्तर, अनुभव, व्यावसायिक योग्यताएं जैसे डिग्री या डिप्लोमा आदि। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि योग से संबंधित नौकरियों के बाजार में वेतन संबंधी कोई पाबंदियां नहीं हैं।

## स्वास्थ्य क्षेत्र

आज के सूचना टेक्नोलॉजी के युग में लोगों की जीवन-शैली में ऐसे नाटकीय मोड़ और बदलाव आए हैं कि उनके जीने के तौर-तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। मनो-दैहिक विकारों और मानसिक अशांति के साथ-साथ चिंताएं और तनाव ने योग को सबसे कारगर वैकल्पिक उपचार पद्धति बना दिया है। इनसे निपटने में योग का नुस्खा बड़ा अचूक साबित हुआ है। इसी कारण आज अस्पतालों, स्वास्थ्य क्लबों और स्पा सैलून आदि में नौकरियों की बाढ़-सी आ गई है।

## होटल और पिकनिक स्थल

आज के जमाने के होटल और रिसॉर्ट तनाव कम करने और मनोरंजन करने के स्थान मात्र नहीं हैं। यह सभी स्थान अब मानसिक तौर पर तरोताजा होने और आध्यात्मिक उन्नति के केन्द्र भी बन गए हैं। लोग होटलों और अन्य सुंदर पिकनिक स्थलों में पूरे परिवार के समेत मौज-मस्ती के साथ-साथ योगाभ्यास के विभिन्न सत्रों में भाग लेने के लिए भी आने लगे हैं। यही वजह है कि आज होटल और पिकनिक रिसॉर्ट मेहमानों को योगाभ्यास सिखाने के लिए योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नियमित आधार पर काम पर रखने लगे हैं।

## जिमनेजियम और लाफिंग क्लब

आज के जमाने के जिमनेजियम में योग सबसे नई चीज है। लोगों को योग का अभ्यास कराने और योग के बारे में जानकारी देने के लिए योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाते हैं जो लोगों को शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक तौर पर दुरुस्त रखने के बारे में बताते हैं। इन दिनों लाफ्टर क्लब भी बड़े लोकप्रिय हो चले हैं जहां लोगों को बताया जाता है कि योगाभ्यास के माध्यम से किस तरह चिंताओं और तनाव से मुक्त जीवन जिया जाए। यह कार्य योग शिक्षक ही करते हैं। इनमें भी योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नौकरियां मिल सकती है और वे मोटी कमाई कर सकते हैं।

## दृश्य और मुद्रित मीडिया

लगभग सभी टेलीविजन चैनल स्वास्थ्य संबधी मुद्दों को लेकर कोई न कोई कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें दर्शकों को अपने आप को विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से मुक्त रखने और कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं की रोकथाम के नुस्खे बताए जाते हैं। यह टेलीविजन चैनल इसके लिए योग विशेषज्ञों को नियमित आधार पर रखते हैं और उन्हें अच्छा-खासा वेतन भी देते हैं।

# दिल्ली से तीन दिन के लिए त्रिशूर की हसीन वादियों का ट्रिप बनाएं

ऐसा शायद ही कोई हो जिसको घूमना-फिरना पसंद न हो। इसलिए जब भी वीकेंड या लंबी छुट्टी मिलती है, तो लोग फैमिली, पार्टनर या दोस्तों के साथ अपनी पसंदीदा जगह घूमने पहुंच जाते हैं। बता दें कि वैसे तो दक्षिण भारत में घूमने के लिहाज से कई फेमस जगहें हैं, लेकिन केरल राज्य में स्थित त्रिशूर एक ऐसी जगह है, जहां पर हर कोई घूमना पसंद करता है। कोच्चि और कोझिकोड के बाद त्रिशूर केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यह शहर बेहद खूबसूरत होने के साथ ही केरल राज्य की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। ऐसे में आप भी त्रिशूर घूमने के लिए 3 दिन की ट्रिप बना सकते हैं।

**दिल्ली से त्रिशूर**

आपको बता दें कि दिल्ली से त्रिशूर पहुंचना बेहद आसान है। दिल्ली से त्रिशूर आप फ्लाइट, ट्रेन या सड़क मार्ग से जा सकते हैं। वहीं ट्रेन से सफर करना सस्ता और आरामदायक साबित हो सकता है।

**हवाई यात्रा**

अगर आप हवाई यात्रा के जरिए त्रिशूर पहुंचना चाहते हैं, तो बता दें कि सबसे नजदीकी हवाई अड्डा कोच्चि है। जो करीब 67 किमी है। यहां से आप कैब या लोकल टैक्सी के जरिए त्रिशूर पहुंच सकते हैं। वहीं फ्लाइट का किराया 8 हजार रूपए के आसपास हो सकता है।

**ट्रेन**

दिल्ली से त्रिशूर के लिए कई ट्रेनें चलती हैं। यह ट्रेनें दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से त्रिशूर के लिए हैं। ट्रेन के जरिए दिल्ली से त्रिशूर पहुंचने के लिए किराया करीब 2000 रूपए के आसपास हो सकता है।

**सड़क मार्ग**

यदि आप सड़क मार्ग से त्रिशूर जाना चाहते हैं, तो इसमे काफी लंबा समय लग सकता है। वहीं खर्च भी अधिक हो सकता है। ऐसे में आप फ्लाइट या ट्रेन के जरिए आसानी से त्रिशूर पहुंच सकते हैं।

**स्टे के लिए बेस्ट जगहें**

यह जगह सिर्फ दक्षिण भारत या केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का टॉप डेस्टिनेशन है। त्रिशूर में आपको सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी मिलेंगे। आपको यहां पर बहुत कम पैसों में गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और होटल आदि मिल जाएंगे। त्रिशूर में स्टे के लिए आप होटल पैलेस टावर, लेमन रेजीडेंसी, नाइस विला, दान रेजीडेंसी और ग्रीन प्लाजा आदि में रूम बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको खाने-पीने की सुविधा भी आसानी से मिल जाएगी। वहीं त्रिशूर में कई रिसॉर्ट घूमने के लिए गाड़ी भी देते हैं, लेकिन इसका अलग से चार्ज देना होता है।

**घूमने वाली जगहें**

बता दें कि त्रिशूर में घूमने के लिए कई बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं। जिनको आप 3 दिन की ट्रिप में आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ट्रिप के पहले दिन**

यात्रा के पहले दिन आप चारपा वॉटरफॉल, अथिरापल्ली वॉटरफॉल और पीची डैम जैसी शानदार और मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। यह तीनों ही जगहें कुछ ही दूरी पर हैं। ऐसे में आप आसानी से इन तीनों जगहों को कवर कर सकते हैं।

**ट्रिप के दूसरे दिन**

यात्रा के दूसरे दिन आपके पास घूमने का पूरा समय होगा। ऐसे में इस दिन आप चार-पांच जगहों को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप ट्रिप के दूसरे दिन बेसिलिका चर्च, त्रिशूर जू एंड स्टेट म्यूजियम, थाप्पुरन पैलेस, हेरिटेज गार्डन और त्रिशूर में स्थित केरल कलामंडलम जैसी जगहें घूम सकते हैं। वहीं कुछ जगहों का इतिहास भी करीब से जान सकते हैं।

**ट्रिप के तीसरे दिन**

इस दिन आप कुछ चुनिंदा जगहों को एक्सप्लोर करने के बाद वापसी कर सकते हैं। तीसरे दिन आप विंटेज कार क्लब, त्रिशूर बैकवाटर, चावक्कड़ बीच, वजहचल वॉटरफॉल और गुरुवायुर कृष्ण मंदिर आदि घूम सकते हैं। वहीं चावक्कड़ बीच में आप वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।



## भारत की संस्कृति से रूबरू होने को जिंदगी में एक बार जरूर देखें ये Winter Festivals

गौरतलब है कि अक्टूबर खत्म होने के साथ ही सर्दियों की शुरुआत हो जाती है। दिसम्बर भी जाने को है, इसके साथ ही भारत में कई स्थानों पर विंटर फेस्टिवल की मेजबानी की जाती है। यहां पर जीवंत धार्मिक उत्सवों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों में कई अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव देखने को मिलते हैं। इन त्योहारों में हस्तशिल्प, स्वादिष्ट व्यंजन, लोक संगीत और नृत्य शामिल हैं। रण उत्सव से लेकर सनबर्न उत्सव तक, आइए जानते हैं पांच भारतीय विंटर फेस्टिवल के बारे में, जिन्हें आपको अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य देखना चाहिए। रण उत्सव त्योहार भारत के सबसे लोकप्रिय शीतकालीन त्योहारों में से एक है, जो गुजरात के कच्छ जिले में मनाया जाता है। यह त्यौहार कच्छ के सफेद रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होती हैं। ऊंट सफारी से लेकर सितारों को देखना और लोक संगीत से लेकर शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन तक, आपको यहां सब कुछ मिलेगा। इस महोत्सव की स्थापना 2006 में गुजरात पर्यटन द्वारा की गई थी। यह मूल रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम था लेकिन अब सर्दियों के मौसम में महीनों तक मनाया जाता है।

**शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल, मेघालय**

मेघालय में शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल एक अनोखा दो दिवसीय त्योहार है जो क्षेत्र में चेरी के पेड़ों के खिलने का जश्न मनाता है। इस साल यह, उत्सव 15 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। यह अनूठा उत्सव रॉक कॉन्सर्ट और फैशन शो जैसे कई समकालीन कार्यक्रमों की मेजबानी करता है, जिनका पर्यटक मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए आनंद ले सकते हैं।






अफजल फौजी




# गीत संगीत के बीच होगा नैनीताल में नववर्ष का स्वागत

## उच्च स्तरीय होटलों ने किए 31st को यादगार बनाने के इंतज़ाम

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में नववर्ष के स्वागत व साल की विदाई के जश्न को लेकर नगर के उच्च स्तरीय होटलों में तैयारियां पूरी हो चुके हैं। लगभग ये सभी होटल एडवांस म पैक हो चले हैं। दो रात्रि तीन दिवसीय पैकेज में आकर्षक कार्यक्रम व गीत संगीत की धूम देखने को मिलेगी।

यूं तो नगर की मालरोड समेत अधिकांश होटल सज-धजकर तैयार हैं और अतिथियो की आवभगत में किसी तरह की कमी नही छोड़ना चाहते हैं। मगर नगर के चंद अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आला होटलों में इस बार खास तैयारियां की गइ हैं। जिनमे होटल नमः नैनीताल नए अवतार में दिल्ली का कारनामा बैंड के साथ सैलानियों की थर्टी फर्स्ट की शाम का यादगार बनाने जा रहा है। रेशमा भल्ला लाइव म्यूजिक के साथ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण होंगी, जबकि नाना प्रकार के संकड़ों स्वादिष्ट व्यंजन व मनो. रंजन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। साथ ही म्यूजिकल पार्टी के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम नरेश गुप्ता के अनुसार कुमाऊनी लोक संगीत को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। होटल शेरवानी हिलटॉप में लाइव संगीत के सुरों में जश्न मनाया जाएगा। गाला डिनर डीजे की अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मनो. रंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनी रिट्रीट में म्यूजिकल पार्टी का आयोजन किया जाएगा। जीएम डी एस जीना के अनुसार म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के साथ वृद्धों व



बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विक्रम विंटेज में डीजे के साथ कपल डांस व रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बलरामपुर हाउस में लाइव म्यूजिक, बोर्न फायर व गाला डिनर की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में स्विस होटल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मालरोड , ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को रंगबिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है, जिससे नगर के सौंदर्य में निखार आ गया है। इधर समीपवर्ती खुर्पाताल स्थित खुर्पाताल लेक इन में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। होटल संच. ालक गणेश सिंह बिष्ट के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है।







